हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 12 मई, 2024

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 39 डिग्री

न्यूनतम 27 डिग्री



12 तापमान 40 डिग्री पार, बदली और उमस से हाल-बेहाल









## खबर संक्षेप

### युवकों ने की मारपीट

भिलाई। बारात में आए दो युवकों ने मारपीट कर गाली गलौज करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 294, 506, 323, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम शिवकोकडी चौकी लिटिया सेमरिया निवासी पुसउ राम साहू ने शिकायत किया है कि मेरा पुत्र मुकेश साहू का बारात लेकर शिवकोकडी से ग्राम मोहलई रोशन साहू के घर आये थे। बारात के कार्यक्रम के दौरान बारात मे पहुचे जोहर निषाद, चंदू निषाद शिवकोकडी बिना वजह गाली गलौज कर रहा था। जिसका विरोध करने पर दोनो भाई एक राय होकर शीतला मंदिर के पास मोहलई में जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। घटना में पीड़ित के बांये आंख के पास,गाल में,दाहिने कान के ऊपर ,सिर में चोट आई है।






### लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर एसपी सख्त

# एएसआई को किया निलंबित दो पुलिस कर्मी लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर की कार्रवाई।
- ड्यूटी के दौरान शिकायतकर्ता से किया था दुर्व्यव्हार।
- महिला थाने से केस डायरी कोर्ट में नहीं की प्रस्तुत

एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने काम में लापरवाही बरतने वाले तीन पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई किया है।इन पुलिस कर्मियों में एसपी ऑफिस में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार साहू, भिलाई तीन सुभाष चंद्र बोरकर, महिला थाना की प्रधान आरक्षक नूतन साहू है।

एसपी ने संजय साहू को निलंबित, सहायक उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र बोरकर, नूतन साहू को लाइन अटैच किया है। सहायक उपनिरीक्षक संजय कुमार साहू द्वारा उच्च न्यायालय, बिलासपुर में अपीलार्थी रजीत कंडरा उर्फ सोमनाथ के द्वारा दायर याचिका के प्रकरण में उच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए आदेश एसपी जिला-दुर्ग के संज्ञान में विना लाए और पत्र का भली-भांति अवलोकन अध्ययन किए ही सीधे थाना प्रभारी को कार्रवाई के लिए प्रेषित किया। सहायक उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र बोरकर ने ड्यूटी दौरान आवेदक आकाश सिंह बजरंग पारा वसुंधरा नगर भिलाई 3 के द्वारा मोपेड वाहन चोरी की शिकायत करने थाने पहुचा था। लेकिन सहायक उपनिरीक्षक के द्वारा उचित वैधानिक कार्रवाई न करते हुए आवेदक के साथ दुर्व्यवहार किया।

इसके अलावा महिला प्रधान आरक्षक नूतन साहू ने महिला थाने में पदस्थ रहते प्रकरण की केश डायरी न्यायालय द्वारा मांगे जाने पर महिला प्रधान आरक्षक के द्वारा केश डायरी न्यायालय में पेश नहीं किया। इसके अलावा दुर्ग में आरोपी के अधिवक्ता के साथ भी दुर्व्यवहार किया।

# जबलपुर-दुर्ग-जबलपुर समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा अपरिहार्य कारणों से जबलपुर से 20 मई से 17 जून तक चलने वाली गाड़ी संख्या 01701 जबलपुर-दुर्ग साप्ताहिक समर स्पेशल एवं दुर्ग से 21 मई से 18 जून 2 तक चलने वाली गाड़ी संख्या 01702 दुर्ग-जबलपुर साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन रद्द करने का निर्णय लिया गया है । यह ट्रेन पांच फेरे लेती थी। रेल प्रशासन ने अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/रेल मदद 139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी प्राप्त कर यात्रा करें ।

# ट्रेलर छोड़ने के एवज में मांगा लाखों, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जबरन ट्रेलर को ट्रांसपोर्टर द्वारा जबरन अपने पास रख कर छोड़ने के एवज में लाखों रुपए का डिमांड करने का मामला सामने आया है।

- ट्रांसपोर्टर ने जर्बदस्ती ट्रेलर को अपने पास रखा



शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 407 के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मकान नंबर 59/बी केएलसी खुर्सीपार निवासी भीम गौतम ने शिकायत किया है कि ट्रेलर सीजी 07 बीए 9376 को आदित्य बाना ट्रासंपोर्टर पीआर लाजिस्टिक के द्वारा 19 अप्रैल को वाहन को जबरदस्ती रखने और छोडने के एवज में 1 लाख 70 हजार रूपये की डिमांड कर रहा था। ट्रेलर में फेब्रिकेशन का सामान लोड करके चालक संजीव सिंह के द्वारा मुंबई महाराष्ट्र भेजा था। मुंबई महाराष्ट्र में माल खाली करने के बाद आदित्य बाना ट्रासंपोर्टर पीआर का फोन आया। पीड़ित को फोन से बोला कि माल लोड करना है। पूना महाराष्ट्र में पीआर लाजिस्टिक के द्वारा महेन्द्रा पार्किंग के पास बुलाया गया।

महेन्द्रा पार्किंग में जबरन पीड़ित की ट्रेलर रखवा लिया। छोड़ने के लिए रुपए का डिमांड कर रहा था। आरोपी ने 21 दिनो से ट्रेलर को जबरन रख लिया था। इस कारण रोज पीड़ित को 4000-5000 रूपये का नुकसान उठाना पड रहा है।







## खबर संक्षेप

### जिला निषाद समाज सम्मेलन आज

**दुर्ग।** जिला निषाद केवट समाज का 12 मई को ग्राम पंचायत चिरपोटी में सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन में जिले के सभी तहसील व ग्रामीण इकाई के लोग शामिल होंगे। उक्त कार्यक्रम सुबह से शाम तक चलेगा। सम्मलेन के प्रथम सत्र का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुंडरदेही विधायक व निषाद केवट समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद करेंगे। विशेष अतिधि पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू व राजेंद्र साहू होंगे। सम्मेलन के द्वितीय सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केवट समाज के जिला अध्यक्ष डॉ घनश्याम निषाद, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद विजय बघेल शामिल होंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि केवट समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा मार्तंड सिंह मांझी, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महुआ प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नेहरू निषाद होंगे।

### प्रयास विद्यालय के लिए आवेदन मंगाए

**दुर्ग।** प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय विद्यालय के कक्षा 9वीं सत्र (2024-25) में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन वेबसाईट पर 23 अप्रैल से प्रारंभ हो गया हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 17 मई निर्धारित किया गया है। 18 से 20 मई तक ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार किया जाएगा। प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 9 जून रविवार को आयोजित की जाएगी।

## निधन

### श्रीमती दम्यंतीन साहू



**दुर्ग ।** कसारीडीह आजाद चौक निवासी श्रीमती दम्यंतीन साहू 32 वर्ष का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया। वे सतरूपा शीतला मंदिर समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, कसारीडीह वार्ड की पूर्व पार्षद कांता साहू की बहू और शिक्षक ओमप्रकाश साहू की पत्नी थी। स्व. श्रीमती दम्यंतीन साहू के निधन पर विधायक गजेन्द्र यादव, ललित चंद्राकर, जिला साहू संघ के अध्यक्ष नंदलाल साहू ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर शोक व्यक्त किया है।

# चुनावी समीक्षा में संगठनों की सुस्ती, प्रत्याशी भी दूसरे राज्यों के प्रचार में जुटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

संसदीय क्षेत्र के नौ सीटों का चुनाव संपन्न होने के पांच दिन बाद भी संगठनों ने अब तक बूथवार वोटिंग प्रतिशत की समीक्षा नही की है। एकतरफ जहां जिला प्रशासन ने 17ए के तहत बूथवार जानकारी सार्वजनिक नही की है, वही राजनीतिक संगठन के नेता भी समीक्षा से परहेज करते नजर आ रहे है। यही कारण हैं कि, दोनो पार्टियों की ओर से जीत के अंतर को लेकर दांव पेंच करते नही दिख रहे है।

उल्लेखनीय है कि, मतदान कार्य निपटने के बाद पिछले कई चुनाव में आयोग द्वारा बूथवार वोटिंग प्रतिशत जारी कर दी जाती थी। लेकिन अब आयोग बूथवार रिपोर्ट जारी करने से परहेज कर रही है। वही दूसरी तरफ राजनीतिक संगठन भी समीक्षा करने रूचि नही दिखा रहे है। भाजपा के नेताओं का कहना है कि, दुर्ग लोकसभा सीट का चुनाव निपटने के बाद प्रत्याशी दूसरे राज्यों में प्रचार करने चले गए है।

जानकारी अनुसार भाजपा के सांसद प्रत्याशी रहे विजय बघेल आगामी दिनों प्रयागराज जाएंगे, जहां पार्टी के निर्देश पर प्रचार करेगे। संगठन के नेताओं का कहना हैं कि, वोटिंग के बाद समीक्षा करने के दौरान संगठन के बडे नेता और प्रत्याशियों का भी मौजूद रहना जरूरी होता है। लेकिन इन दिनों देशभर के अन्य राज्यों में भी चुनाव होने के कारण प्रत्याशियों को प्रचार की जिम्मेदारी दी गई हैं। जिसके चलते समीक्षा नही हो पाया है। यही हाल कांग्रेस संगठन के नेताओं की भी है।

## मतदान के निपटने के बाद थकान मिटाने में व्यस्त भाजपा और कांग्रेस नेता

### तेरा और मेरा को लेकर माथापच्ची

लोकसभा चुनाव में ज्यादातर वोटिंग में महिला उम्मीदवारों की उपस्थित रही। जिसे लेकर जहां भाजपा इसे महतारी वंदन का असर मान रही है, वही कांग्रेस के महालक्ष्मी योजना से प्रभावित बता रहे है। महिला वोटरों को लेकर दोनो पार्टी तेरा और मेरा का दम भर रहे है। खैर ऐसा लग रहा है कि, भाजपा जहां मोदी के नेतृत्व में चुनाव लडकर जीत के लिए आश्वस्त है। जिसके चलते वे दीमागी मशक्कत नही कर रहे हैं। वही कांग्रेस के नेता सिर्फ चाय पर चर्चा कर रहे है।






### भाजपा के पिछला रिकार्ड तोडने का दावा

भाजपा के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा ने हरिभूमि को बताया कि, लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी को पिछला रिकार्ड टूटकर इस बार चार लाख तक लीड हासिल होगें। उनका कहना है कि, देश में मोदी के प्रभावी व्यक्तित्व के आलावा दूसरा कोई विकल्प नही है। उनका कहना है कि, भाजपा के पिछले दस साल का कार्यकाल जीत का आधार बनेगी। उन्होने बताया कि, बहरहाल बूथवार समीक्षा नही हो पाई है। इधर कांग्रेस के दुर्ग जिलाध्यक्ष गया पटेल ने बताया कि, फिलहाल संगठन के कार्यकर्ता के बीच बैठकर मौखिक चर्चा कर रहे है, बूथवार समीक्षा नही हो पाई हैं।

## रबी सीजन में फसल खराब होने के बाद सर्वे रिपोर्ट भेज चुके

# रबी और खरीफ सीजन की करोड़ों रूपए दबाए बैठी बीमा कंम्पनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

### चुनावी शोर में दबी किसानों की आवाज, नही मिला मुआवजा

पिछले रबि सीजन में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण किसानों का फसल बर्बाद होने के डेढ माह बाद भी किसानों को फूटी कौडी नही मिली है। चुनावी शोर में किसानों की आवाज दब गई है। अफसरों का दावा है कि, नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट राज्य शासन को भेज दिया गया है। लेकिन हुक्मरानों ने अब तक गुस्ताखी नही की है। इसके आलावा वर्ष 2023 खरीफ सीजन में प्रधानमंत्री फसल बीमा कराने के बाद कंपनी ने दावा राशि अब तक जारी नही की है।

बीमा कंपनी द्वारा खरीफ सीजन निपटने के बाद अब तक प्रधानमंत्री फसल बीमा राशि जारी नही किए जाने से अपने आपको को ठगा महसूस कर रहे है। उल्लेखनीय है कि, पिछले अप्रैल माह में बारिश के चलते रबि फसल खराब हो गया था। जिले में चना और गेहूं सहित दलहन के करीब चार हजार हेक्टेयर फसल खराब हुए थे। फसल खराब होने के बाद जिले के करीब आठ हजार किसानों ने हेल्पलाइन नंबर के जरिए प्रशासन को सूचना भी दे दी थी। कालिंग किए जाने के बाद कृषि विभाग और बीमा कंपनी के अफसर किसानों के रकबा का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट भी शासन को भेज चुके है।

**खास बातें**

- साल बीतने को हैं, लेकिन नही मिली बीमा राशि
- बीमा कंपनी का मुख्यालय में एक भी कर्मचारी नहीं
- हर साल किसानों को बीमा कंपनी कराती है इंतजार



### इन रकबों की फसले हुई थी प्रभावित

जिले में रबि फसल के लिए किसानों ने अनाज और गेंहू 16.143 हेक्टेयर, मक्का 0.279 हेक्टेयर, जौ-ज्वार 0.004 हेक्टेयर है। वहीं दलहन-चना 15.527 हेक्टेयर, तिवडा 8.986 हेक्टेयर, मटर 0.100 हेक्टेयर, मसूर 0.896 हेक्टेयर, उडद और मूंग कुल्थी में उपज प्रभावित हुए है। इसी तरह तिलहन व अलसी 0.062 हेक्टेयर, राई-सरसो 5.000 हेक्टेयर, कुसुम 63 हेक्टेयर, तिल, सूर्यमुखी फसल प्रभावित हुई है। इसके आलावा गन्ना, कपास व साग सब्जी के फसल लगे थे।

### रबी सीजन में 27 करोड़ का बीमा

इस रबि (2024) सीजन में जिले के किसानों ने 27 करोड रूपए का प्रीमियम जमा किया है। किसानों द्वारा चना, गेहूं के साथ ही दलहन फसल में बीमा कराया है। अफसरों ने बताया कि, ऐसे किसान जो फोन के जरिए सूचना नही दे पाए है। उन्हें भी फसल बीमा का लाभ मिलेगा। लेकिन उत्पादन के बाद ऐसे किसानों को नुकसान होने पर बीमा कंपनी द्वारा क्लेम की राशि जारी की जाएगी।

### खरीफ के फसल बीमा का पता नहीं

वर्ष 2023 खरीफ सीजन के लिए जिले के 81625 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम जमा किया है। इसमें 81625 किसानों ने 11 करोड 16 लाख रूपए जमा किया है। वही राज्य 31 करोड 45 लाख और केन्द्र ने भी 31 करोड 45 लाख रूपए (तीनों का शेयर) मिलाकर कुल 74 करोड रूपए बीमा कंपनी को प्रीमियम दिया गया है। जिले में ऋणी 323316 और अऋणी 3759 किसान शामिल है। लेकिन खरीफ की कटाई बीतने के बाद नया वित्तिय वर्ष शुरू हो गया है। इसके बाद भी अब तक बीमा कंपनी ने बीमा राशि जारी नही की है।

**जारी कर रहे**

पिछले खरीफ सीजन की फसल बीमा राशि किसानों को जारी की जा रही है। हांलाकि कंपनी ने जिले में कितने किसानों को क्लेम जारी करेगी। इसकी जानकारी नही मिली है। **-ललित मोहन भगत,** डीडीए, दुर्ग

# काबुली बाबा के सालाना उर्स पाक में निकलेगी शाही संदल



हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

पुराना बस स्टैण्ड दुर्ग का सालाना उर्स-पाक (एकता उत्सव) कार्यक्रम भव्य रूप से मनाने का निर्णय प्रकाश देशलहरा अध्यक्ष सालाना उर्स पाक कमेटी की अध्यक्षता में लिया गया। कार्यक्रम के पोष्टर का विमोचन करते हुए उन्होंने कहा कि, काबुली बाबा का उर्स पाक न केवल छ.ग में ही नहीं अन्य प्रांतो में प्रतिष्ठता रखता है, अनेकता में एकता, आपसी भाई चारे, प्रेम, सदभाव का असीमा संगम का संदेश दुर्ग शहर की जनता देती है. यही हमारी धरोहर है।

बैठक को कमेटी के संरक्षक अनंत यादव, उपाध्यक्ष राजेन्द्र पाल सिंह भाटिया ने भी संबोधित किया। रऊफ कुरैशी जनरल सेक्रेटरी सालाना उर्स-पाक कमेटी ने बताया कि 29 मई को शाही सदल खादिम-ए-आस्ताना के निवास जामा मस्जिद के पास से रात्रि 8 बजे निकल कर शहर का गस्त करता हुआ। आस्ताने-ए-आनिया पहुंचेगा, जहां चादर की रस्म अदा कर छत्तीसगढ़ में अमन शाति, खुशहाली की दुआ की जावेगी। संदल का निर्णयक मंडल के प्रभारी हाजी इसराइल बेग शाद ने कहा कि, जो लोग स्मृति स्वरूप पुरुस्कार, संदल, चादर, झांकी में देना चाहे उनसे सम्पर्क स्थापित कर सकते है। आभार अमजद अली ने व्यक्त किया। बैठक में सै० रज्जब अली अध्यक्ष दरगाह प्रबंध समिति हाजी हनीफ भिण्डसरा, अहमद खान मुन्ना शेख असलम, नसीम फारूखी, अफसर कुरैशी, मारूफआलम, अजय शर्मा, लक्ष्मण सिन्हा, शेख अब्बास, इत्यादि

### कव्वालों की जमेगी महफिल

आगामी 30 मई 2024 को रात्रि 9.30 बजे रजा फायर वर्क्स की ओर से बेहतरीन आतिशबाजी पेश की जावेगी, वही रात्रि 10.00 बजे से इंदरीश साबरी चिश्ती कव्कन एण्ड पार्टी टीवी, रेडियो सिंगर (मुंबई) का मुकाबला ओवेश जाहीद नाजा कव्वाल एण्ड पार्टी टी. वी., रेडियो सिंगर मुबई, 31 मई 2024 को हिन्दुस्तान के मशहूर कव्वाल अजीम नांजा कब्बाल एण्ड पार्टी (इंटरनेशल आर्टिस्ट) टीवी रेडियोसिगर मुंबई का मुकाबला अनीस नवाब कव्वाल एण्ड पार्टी (इंटरनेशनल) आर्टिस्ट, टीवी रेडियोसिंगर) अहमदाबाद के साथ होगा 1 जून 2024 को प्रख्यात कव्वाल जुनैद सुलतानी कव्वाल एण्ड पार्टी ( इन्टरनेशनल आर्टिस्ट) दिल्ली का मुकाबला मशहुर गजल सिगर मुराद आतिश कब्बाल एण्ड पार्टी (इन्टरनेशनल आर्टिस्ट) बैंगलोर के साथ होगा। 2 जून 2024 को प्रातः 8 बजे कुल की फातेहा होगी। जिस पर करतल ध्वनि से स्वागत हुआ।

# डॉ. पाणिग्रही ने मतदान के दिन भी लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

विगत 7 मई को मतदान के दिन भी डॉक्टर पाणिग्राही मतदान केंद्रों से लेकर वार्डों तक जुटे रहे। डोर टू डोर संपर्क कर हाथों में स्याही लगा निशान वाली उंगली दिखाते और आगे बढ़ जाते।

डॉ पाणिग्राही अपनी विशेष एक्टिवा वाहन से प्रातः 7 बजे विश्वदीप स्कूल से प्रारंभ कर ईको फ्रेंडली मतदान केंद्र शनिचरी बाजार, सुराना कॉलेज , संगवारी मतदान केंद्र डी पी एस रिसाली भिलाई सहित कुछ अन्य बूथों का भ्रमण किया। डॉ पाणिग्राही ने बताया कि, कलेक्टर एवम जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों पर्याप्त व्यवस्था किया गया था।

### निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 104 डायल करें

**दुर्ग ।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा 104 के माध्यम से निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। आम नागरिक स्वास्थ्य परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य परामर्श, शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं तथा कार्यक्रमों की जानकारी व शिकायत हो तो उसे दर्ज करा सकते हैं।

# मतगणना में लगे कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग

लोकसभा निर्वाचन 2024 के मतगणना के प्रशिक्षण के संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु 02 मास्टर ट्रेनर एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी (एआरओ) 01, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी 01, ईवीएम नोडल अधिकारी 01, सुरक्षा नोडल अधिकारी 01 एवं प्रोग्रामर 01 के लिए मतगणना प्रशिक्षण संभाग मुख्यालयों में आयोजित किया गया है। दुर्ग जिले के 53 और बेमेतरा जिले के 25 प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रशिक्षण 16 मई को प्रातः 10 बजे से बीआईटी ऑडिटोरियम में आयोजित की गई है।



# जे भागवत ने एशियन इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जीता कांस्य

## छत्तीसगढ़ के खेल प्रेमियों ने भागवत को उनकी उपलब्धि के लिए दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र की पावर लिफ्टिंग टीम के पावर लिफ्टर जे भागवत राव ने चीन के हाँगकाँग में 5 से 11 मई 2024 के मध्य आयोजित एशियन इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2024 में कांस्य पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रौशन किया है।

जे भागवत ने सीनियर कैटेगरी में भारतीय टीम की ओर से 66 किलोग्राम वर्ग में कुल 522.5 किलोग्राम स्क्वाट–190 किलोग्राम, बेंचप्रेस–137.5 किलोग्राम, डेडलिफ्ट–195 किलोग्राम लिफ्ट कर भारत देश को कांस्य पदक दिलाने में सफलता प्राप्त की।




उल्लेखनीय है कि बीएसपी टीम से खेलने वाले भागवत राव, कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश, प्रदेश एवं भिलाई इस्पात संयंत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। श्री भागवत राव ने प्रथम बार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतने सफलता प्राप्त की है।

खेल और युवा कल्याण मंत्री, छत्तीसगढ़ सरकार श्री टंकराम वर्मा, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निदेशक, भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, छत्तीसगढ़ पावरलिफ्टिंग संघ के समस्त पदाधिकारी एवं पावरलिफ्टर, छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ सहित छत्तीसगढ़ के समस्त खेल प्रेमियों ने श्री भागवत राव को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी हैं।

एशियन इक्विप्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन एशियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन द्वारा 05 से 11 मई 2024 तक चीन के हांगकांग में क्वीन एलिजाबेथ स्टेडियम में किया गया था। सप्ताह भर चलने वाली इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में विभिन्न देशों के पावर लिफ्टरों ने भाग लिया था।

## खबर संक्षेप

### शिवमहापुराण कथा स्थल का भूमिपूजन आज



**पाटन।** अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा (सीहोर वाले) का श्री शिव महापुराण की कथा का आयोजन 27 मई से अमलेश्वर, पाटन में होने जा रहा है। इसकी तैयारी आयोजकों द्वारा जोरों से चल रही है। 27 मई से 2 जून तक कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा श्रीमुख से शिवभक्तों को कथा का श्रवण करवाएंगे। करीब 55 एकड़ की जमीन को कथा स्थल के रूप में तैयार किया जा रहा है। कथा स्थल के भूमिपूजन उपरांत कथा स्थल की रूपरेखा तैयार होने लगेगी। इसी तारतम्यता में कल 12 मई दिन रविवार को समितियों की बैठक के साथ कथा स्थल का भूमिपूजन किया जाएगा। शिवमहापुराण कथा के आयोजक मोरध्वज मोनू साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, पवन खंडेलवाल, विशाल खंडेलवाल ने भूमिपूजन के अवसर पर आज 12 मई को सुबह 11 बजे महादेव घाट, अमलेश्वर में बैठक रखी गई है।

## निधन

### निशित रंजन घोष

**भिलाई।** 62/1 मैत्री नगर रिसाली भिलाई निवासी निशित रंजन घोष उम्र 73 वर्ष का निधन हो गया।



उनका अंतिम 12 मई को संस्कार शिवनाथ नदी मुक्तिधाम दुर्ग में किया जाएगा। अंतिम यात्रा निवास स्थान से सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। वे कुमार दीप घोष एवं लोपा मुद्रा घोष के पिता और कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सरसीज घोष के चाचा थे।

## सर्व ब्राम्हण समाज ने भगवान परशुराम की जयंती मनाई

# ब्राम्हण समाज का योगदान देश, प्रदेश के हित में हमेशा तत्पर रहता है: तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में विप्र समाज के भवन में भगवान परशु राम की जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जिसमें बड़ी संख्या में गांव गांव से ब्राम्हण समाज का परिवार शामिल हुआ। स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत समाज के सभी लोगो का ब्लड शुगर, रक्तचाप की जांच कर उन्हे उचित परहेज के साथ दवाई लेने की सलाह दिया। दोपहर भगवान की पूजा आचार्य सुरेश सावर्णी ने सम्पन्न कराया यजमान के रूप में जयंत शर्मा, संध्या, जितेंद्र मिश्रा एवं उनकी पत्नी अनामिका ने पूजा संपन्न कराई दोपहर में पूजा के बाद खिचड़ी का प्रसाद का वितरण किया गया।

वहीं शाम के समय भगवन परशुराम की शोभा यात्रा निकाली जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए वापस विप्र भवन पहुंची। मंच में बुजुर्ग का सम्मान किया गया। मंच संचालन जितेंद्र मिश्रा ने किया, वरिष्ट पदाधिकारी पुरषोत्तम तिवारी ने अपने संबोधन में समाज के विषय में बोलते हुए कहा कि समाज का आदिकाल से समाज का योगदान पर अपनी बात कही श्री तिवारी ने कहा कि आज ब्राम्हण समाज का योगदान देश प्रदेश के हित में हमेशा रहता है उन्होंने समाज को और अधिक मजबूत बनाने बेहतर प्रयास की सराहना किया। पंडित विजय शर्मा ने अपने संबोधन में समाज के एक जुटता पर प्रकाश डालते हुए भगवान परशु राम की कथा सुनाई। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष मिथिलेश शुक्ला, विजय शर्मा, चंचल द्विवेदी, संजय शुक्ला, जितेंद्र मिश्रा, रवि सावर्णी, राजा शर्मा, शशिकांत शर्मा, आकाश तिवारी, रूपेंद्र शुक्ला, जागेश्वर शुक्ला, आभास दुबे, ईश्वर शर्मा, गरीबा प्रसाद शुक्ला, नटराज शुक्ला, नीलेश्वर दुबे, जितेंद्र पांडेय, अखिलेश मिश्रा, भूपेश शर्मा, निशांत त्रिपाठी, भारत तिवारी, अविनाश मिश्र, सनत शर्मा, बलराम सावरानी, नरेंद्र दुबे, शशि मिश्रा, ममता शर्मा, दुर्गा दुबे, सीता दुबे, मंजू मिश्रा, शालू, गायत्री शुक्ला, रश्मि मिश्रा, सविता तिवारी, नीरज शर्मा, प्रकाश शुक्ला, बिरेंद्र शर्मा, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र दुबे, अशोक, अनिकेत मिश्रा, राजू शर्मा, इसके अलावा गांव गांव से समाज के सदस्य बड़ी संख्या में पहुंच कर जन्मोत्सव समारोह को सफल बनाया।

### भगवान परशुराम की शोभा यात्रा निकाली



## अक्षय तृतीया पर्व पर ठाकुर देव की ग्रामीणों ने की पूजा-अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

अक्षय तृतीया पर्व के दिन गांव-गांव में सुबह से ठाकुर देव की ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना की। दोना-पत्तल में धान चढ़ाकर व बच्चों को किसान बनाकर तथा खेती किसानी की रस्म निभाकर अच्छी फसल की कामना। अक्ति के दिन को शुभ मुहूर्त मानकर किसान खेतों में पूजा अर्चना व धान छिड़कर खरीफ खेती किसानी की शुरुआत की। साथ ही बैगा व ग्रामीणों ने गांव की सुख शांति की कामना की। अक्ती पर्व उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। क्षेत्र के ग्राम अंडा सहित चिंगरी, अछोटी, भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोल्हापुरी, जंजंगिरी, डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा, परसदा, डगनिया, नाहंदा, देवरी, खप्परवाडा, विनायकपुर, आमटी, आलबरस, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन, निकुम, झोला, तिरगा, भोथली सहित जिलेभर के गांवों में सुबह से कामकाज बंद रहा। अंडा गांव के पुरोहित पुजारी महेन्द्र कुमार पांडेय और बैगाओं और वृद्धजनों ने ठाकुर देव की पूजा-अर्चना कर खेती किसानी और अच्छी बारिश के लिए कामना की। देवस्थल पर बच्चों से हल व कुदाल चलाकर खरीफ खेती-किसानी की शुरुआत की गई। पूजा-अर्चना पश्चात धान से भरे दोना को किसानों को वितरित किया, जिसे किसानों ने अपने खेतों में छिड़ककर अच्छे उत्पादन की कामना की।

### ओटेबंद में खुला प्याऊ घर



**अंडा।** अक्षय तृतीय के शुभ अवसर पर इन दिनों तेज गर्मी पड़ रही है। दोपहर में जरूरी काम से निकले लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना नहीं पड़े इसके लिए श्री विष्णुधाम महायज्ञ मंदिर परिसर जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक ब्रांच शाखा ओटेबंद के पास स्वंय सेवकों का विभिन्न लोगो का योगदान से प्याऊ घर खोला है। डा.पिलेश्वर साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, पूर्व सरपंच खेमन लाल चंद्राकार ने बताया कि गर्मी के मौसम में आन जनों और राहगीरों को ठंडा पानी के लिए भटकना नहीं पड़े। इस मौके पर यशवंत, अनुप, वासुदेव, गिरधारीलाल, हीरा लाल, राजू, रिकू, दीनदयाल आदि उपस्थित थे।

## शाउमा विद्यालय विनायकपुर का परीक्षा परिणाम 84.62 प्रतिशत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हायर सेकेण्डरी परीक्षा और हाई स्कूल का रिजल्ट घोषित किया गया है। जिसमे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विनायकपुर में हाई स्कूल का परिणाम 86.21 व हायर सेकेण्डरी का परिणाम 84.62 रहा हैं। 10 वी मे प्रथम हिमांशु पटेल 92 द्वितीय चंद्रप्रभा बारले 89.7 व तृतीय कौशिता देवांगन 86.8 रहे। 12वी कला मे प्रथम रेशमी ठाकुर 72, द्वितीय तारिणी विश्वकर्मा 64.6 तृतीय अंजलि 63.8 विज्ञान संकाय से प्रथम गौरव साहू 77.40, द्वितीय पायल बारले 74 तृतीय अन्नू देशलहरे व मीरा साहू 66.6 एवं वाणिज्य मे प्रथम अर्चना सपहा 69.40, द्वितीय भावना ठाकुर 64.60 व तृतीय कुस्मिता साहू 63.80 प्राप्त किये।

दसवीं मे 10 बच्चो ने 70% से अधिक प्रतिशत प्राप्त किये वही प्रथम श्रेणी मे 17 द्वितीय श्रेणी मे 7 व तृतीय श्रेणी मे 1 रहे। इसी प्रकार 12 वी मे प्रथम श्रेणी मे 13 व द्वितीय श्रेणी मे 20 बच्चे रहे। शाला के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत ने सभी बच्चों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनको जीवन मे सही रास्ते पर आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद प्रदान किये साथ हि परीक्षा प्रभारी रोहित देशमुख व प्रेमलता योगी देवांगन ने भी बच्चों को बधाई देते हुए उनको निरंतर आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिये। इस अवसर मे शाला परिवार से संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवर, भातेन्द्र गंगराले, सरस्वती उमरे, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, उषा ठाकुर, ममता तिवारी, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, गुलशन चंद्राकर, दीपमाला यादव व तरुण साहू ने 10वी व 12वी के सभी बच्चो हार्दिक बधाई दिये।

■ उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वाले छात्रों को दी बधाई

# छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षा में विद्यार्थियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में विद्या दीप पब्लिक स्कूल (अंग्रेजी माध्यम) कुम्हारी का परिणाम उत्कृष्ट रहा। हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में 95.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छात्रा दिलेश साहू ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 95.00 प्रतिशत के साथ कुमकुम देवांगन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। चंद्रकांत सिन्हा ने 91.33 प्रतिशत। ,ईशा यादव ने 88.50 प्रतिशत, हिमायनी पटेला एवं आरती सिंह ने 87.33 प्रतिशत, राहुल यादव ने 82.17 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कुल 30 छात्र छात्राओं में 22 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में अपना नाम दर्ज किया।

इसी प्रकार हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में विज्ञान संकाय से कुणाल लहरे ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सूरज गेंद्रे ने 75.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेखराज सोनकर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में 72.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रियांका साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।70.2 प्रतिशत अंकों के साथ मुस्कान यादव एवं सारिका सेन ने दूसरा स्थान विद्यालय में प्राप्त किया। कक्षा 12 वीं में 17 छात्र छात्राएं सम्मिलित हुए थे एवं सभी छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। विद्यालय कि बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए शाला शिक्षण समिति के संस्थापक श्री बी.आर. सोनकर, संचालक रामेश्वर सोनकर प्राचार्य



श्रीमती विभा सोनकर विद्यालय के परीक्षा प्रभार सुश्री हीरा साहू, मनोज साहू, जया जॉन, पूजा वर्मा, त्रिदीप जना, देवकरण कंवर, मोहन ताम्रकार, भुनेश्वरी साकार, मनीषा पटेल, नीमा सोलंकी, चुन्नी साहू, डी स्नेहा, देबाश्री दास, प्रियंका लाकरा, मोहनी साहू, मानसी निर्मलकर, असगरी अंजुम एवं नर्मदा सर्वा ने सभी छात्र छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी है। इसी प्रकार स्प्रिंग डेल्स पब्लिक स्कूल की वंशिका साहू 91.5 प्रतिशत, सूर्यांश कुर्रे 88 प्रतिशत, दिव्यांशु गिरी गोस्वामी 85.66 प्रतिशत, तिक्षा कुर्रे 85.33 प्रतिशत, ऋतु कुशवाहा 85.16 प्रतिशत, कल्पना ठाकुर 84.16 प्रतिशत, भूमिन्द्र पाठक 81.16 प्रतिशत, गगन पटेल 75.5 प्रतिशत, मोज़मा अहमद 72.5 प्रतिशत, आदित्य सिंह 59.33 प्रतिशत, आयुष दास 53 प्रतिशत एवं सिद्धार्थ यादव 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण रहे।

### दुर्गा रानी ने अपने माता पिता के साथ गाँव का नाम किया रोशन

**पाटन।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड रायपुर के द्वारा कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12 वीं के नतीजे जारी कर दिए है। जिसमे कक्षा 10 वीं में दुर्ग जिले के पाटन विकासखण्ड के ग्राम महकाकला की बेटी ने इतिहास रचा है। साल भर पहले अपने पिताजी को खो चुकी दुर्गा रानी वर्मा पिता स्व.गांधी वर्मा शासकीय हाई स्कूल महकाकला में अध्यनरत है। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परिक्षा में 97.5% अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में प्रदेश में आठवें स्थान प्राप्त की है। दुर्गा रानी ने अपने अदभुत प्रतिभा के धनी एवं विलक्षण बुध्दि से अपने मातापिता के साथ साथ घर, परिवार, विद्यालय अंचल सहित अपने गाँव महककला का नाम रोशन कर दिया है। दुर्गा रानी ने हर्षित मन से अपने आगे की पढ़ाई बायोलॉजी विषय लेकर करने की बात कही और भविष्य में डॉक्टर बनकर गांव गरीब की सेवा करने की बात कहकर सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। दुर्गा रानी की माता जी ने कहा कि अपने बच्चे के सपने को साकार करने के लिए मैं कोई कमी नही आने दूंगी। दुर्गा रानी को बधाई देने श्रीमति हर्षा चन्द्राकर जिला पंचायत दुर्ग, दिलीप साहू भाजपा जिला उपाध्यक्ष, खेमलाल साहू अध्यक्ष भाजपा मध्य मण्डल, लोकमनी चन्द्राकर अध्यक्ष उत्तर मण्डल, छत्रपाल सिंह शक्तिकेन्द्र सहसंयोजक, लक्ष्मण यादव, दिलीप सिन्हा बूथ अध्यक्ष, सोनमणि यादव ने घर पहुंचकर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किये।



स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड
भिलाई इस्पात संयंत्र
भिलाई,जिला–दुर्ग, छत्तीसगढ़, इंडिया–490001
Great Place To Work. Certified

जन सूचना

आम जनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है एवं चेतावनी दी जाती है कि स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल–बीएसपी) के लीजधारी/ लाइसेंसी के साथ संपत्तियों (भूमि/ भवन/ मकान) के संबंध में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड भिलाई इस्पात संयंत्र (सेल–बीएसपी) की सहमति के बिना कोई लेनदेन न करें।

यह हमारे संज्ञान में आया है कि सेल–बीएसपी संपत्तियों के संबंध में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध लेन–देन (लाइसेंस/लीज/भूमि) स्वयं को ऐसी संपत्तियों का स्वामी या सेल – बीएसपी का एजेंट बताकर धोखाधड़ी की जा रही है।

एतद् द्वारा आम जनता को आगाह किया जाता है कि ऐसे व्यक्तियों से सावधान रहें और उनके साथ कोई लेनदेन ना करें इस तरह के लेनदेन के माध्यम से यदि कोई व्यक्ति (सेल–बीएसपी) की संपत्ति पर कब्जा करता है तो उसे उसी की लागत और जोखिम पर पब्लिक संपत्ति ( अवैध कब्जाधारियों का निष्कासन ) लोक परिसर अधिनियम 1971 के तहत कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

हमारी जानकारी में यह भी आया है, कि कुछ अनैतिक लोग बीएसपी की जमीन पर निम्नानुसार अवैध गतिविधियां कर रहे हैं :

1. बीएसपी की जमीन व खाली पड़े क्वार्टरों पर कब्जा।
2. अनाधिकृत गुमटी (कियोस्क) और ठेला लगाना।
3. बीएसपी क्षेत्र में बिना किसी अनुमति के फ्लेक्स, पोस्टर, होल्डिंग्स आदि लगाना।

ऐसे सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से चेतावनी दी जाती है कि वे अवैध गतिविधियों को तत्काल समाप्त कर दें, अन्यथा उनके विरुद्ध उन्हीं के जोखिम और लागत पर कानून और / या कंपनी की नियम के अनुसार सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

महाप्रबंधक (एनफोर्समेंट तथा जनस्वास्थ्य) नगर सेवाएं विभाग
विज्ञापन.क्र. –बीएसपी–03/24–25/दिनांक : 11.05.2024

पंजीकृत कार्यालय:इस्पात भवन,लोधी रोड,नई दिल्ली, 110003
Corporate Identity Number : L27109DL1973GOI006454,Website: www.sail.co.in
हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

# कौशल विकास योजना से सिलाई प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र का सीएसआर विभाग, अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के विभिन्न गतिविधियों और कर्तव्यों का निर्वहन करता रहा है। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर द्वारा शनिवार को सीएसआर विभाग के सेक्टर 5 आफिस में महिला सशक्तिकरण के तहत, सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक शिखा दुबे थीं।

यह सिलाई प्रशिक्षण, महिला सशक्तिकरण एवं कौशल विकास योजना के अंतर्गत दिया जा रहा है। इस सिलाई प्रशिक्षण में भिलाई एवं आसपास की लगभग 35 गरीब ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 90 दिनों तक दिया जायेगा।

शिखा दुबे ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षु महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, कि इस प्रशिक्षण के द्वारा सभी महिलाएं अपने कौशल का विकास करें। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने परिवार में आर्थिक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन महाप्रबंधक सीएसआर शिवराजन नायर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु महिलाओं एवं प्रशिक्षिका परविंदर कौर ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक सीएसआर सुशील कुमार कामड़े द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सीएसआर केके वर्मा द्वारा किया गया।

AFFIDAVIT FOR CHANGE OF NAME

By this deed I, the undersigned MATIJAN (new name) now lately called MATEEJAN (old name), was employed as ________ (designation) ________ at (department) do hereby :-
1. Wholly renounce, relinquish and abandon, the use of my former name / surname of MATEEJAN and in place thereof do hereby assume from this date the name / surname MATIJAN and so that I may hereafter be called, known and distinguished not by my former name / surname but assumed name/surname of MATIJAN.
2. For the purpose of evidencing such my determination, declare that I shall at all times hereafter in all records, deeds and writings and in all proceedings, dealings and transactions, private as well and upon all occasions what-so-ever use and sign the name of as my name / surname in place and in substitution for my former name / surname.
3. Expressly authorize and request all persons at all times hereafter to designate and address me by such assumed name / surname of MATIJAN.
4. In witness whereof I have here unto subscribed my former and adopted name / surname of MATIJAN and affix my signature.
Place : BHILAI
Date : 30/04/2024
Old Signature : MATEEJAN
New Signature : MATIJAN

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD | मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक | इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1, गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
जीवन ज्योति क्लीनिक डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.) स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी कर फरार हुआ

**भिलाई।** खडी बाइक को अज्ञात ने चोरी कर फरार हो गया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 379 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर 6 सड़क 87 क्वाटर 5 निवासी हरिश साहू जिला अस्पताल दुर्ग में एम्बुलेंस ड्रायवर है। अपनी बाइक सीजी 07 बीके 3340 को 32 बंगला चोंक के पास खड़ा कर नेहरु नगर सुपेला गया था। शाम को वापस लौटा तो बाइक उक्त जगह से गायब थी। बाइक को आसपास खोजबीन किया लेकिन कहीं नहीं दिखा। परेशान होकर शिकायत पुलिस से किया। बाइक की कीमत 10 हजार रुपए आंकी गई है।

### सडक हादसे में बैंक मैनेजर की मौत, परिवार वाले घायल

**भिलाई।** सडक हादसे में एक्सिस बैंक के मैनेजर की मौके पर मौत हो गई। कार में 5 लोग सवार थे। सभी परिवार समेत उड़िसा जाने के लिए निकले थे। कार अनियंत्रित होकर गढ्ढे में गिर गई। हादसा धमतरी जिले का है। मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी जिले के श्यामतराई बाईपास मोड़ के पास कार ओडी 02 सीसी 1695 में सवार होकर नेहरू नगर भिलाई निवासी आकाश पटनायक परिवार में अपनी पत्नी, बच्ची और 3 कर्मियों के साथ कार में जा रहे थे। इस दौरान जिला धमतरी के समीप श्यामतराई बायपास मोड़ के पास कार अनियंत्रित हो गई। सड़क के नीचे गढ्ढे में कार जाकर पलट गई। कार को आकाश पटनायक चला रहा था। हादसा होता देख बायपास से गुजर रहे लोगों ने तुरंत अस्पताल उपचार के लिए भेज दिया। घायल कार चालक आकाश पटनायक को डॉ ने मृत घोषित कर दिया। अन्य की जान बच गई है। लेकिन सभी को शरीर में चोट आई है।

### पीएमश्री में मर्ज करने के फैसले पर उठाए सवाल

**दुर्ग।** कांग्रेस सरकार द्वारा स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल वर्ष 2020 में आरंभ किया गया और हिन्दी माध्यम स्कूल वर्ष 2022 में आरंभ किया गया। वर्तमान में कुल 751 स्वामी आत्मानंद स्कूल पूरे प्रदेश में संचालित है, जिसमें लगभग पांच लाख बच्चें पंजीकृत है और 14 हजार शिक्षक पदस्थ है। सरकारी हिन्दी मीडियम स्थापित स्कूलों को बंद कर उसे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल बनाया गया। अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को बंद कर पीएमश्री स्कूल बनाया जा रहा है, जिसको लेकर अब पैरेंट्स एसोसियेशन ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाया है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने स्कूल शिक्षा विभाग और डीपीआई को पत्र लिखकर जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है। श्री पॉल का कहना है कि आचार संहिता लगा हुआ है और प्रदेश के 311 स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में मर्ज करने पंजीयन कराया जा रहा है, जबकि यह नीतिगत निर्णय है और इस प्रकार का कोई निर्णय कैबिनेट की बैठक में कभी लिया ही नहीं गया। बावजूद इसके शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री स्कूल में पंजीयन कराया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

# तापमान 40 डिग्री पार, बदली और उमस से हाल-बेहाल

## मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों में बारिश और अंधड़ की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

पिछले दिनों मौसम के उतार-चढ़ाव होने की वजह से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। इस गर्मी से लोगों का हाल-बेहाल है। सुबह से ही तेज धूप और रात के वक्त आसमान पर काले बादल मंडराने लगते हैं। तापमान भी 40 डिग्री सेल्सियस पार हो गया है। आने वाले दो दिनों में पारा और बढ़ सकता है। साथ ही अंधड़ और हल्की बारिश की भी चेतावनी मौसम विभाग ने दी है।

### इसलिए हो रहा है मौसम में बदलाव

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका पश्चिम उत्तर प्रदेश से दक्षिणी असम तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका/हवा की अनियमित गति मराठवाड़ा से कोमोरान क्षेत्र तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से मौसम में बदलाव की स्थिति बन रही है।



### आज हो सकती है हल्की बारिश

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई, दुर्ग सहित प्रदेश मे11 मई को कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की संभावना है । अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु हल्की वृद्धि का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है। शनिवार रात को आसमान पर काले बादल मंडराने लगे। देर रात हल्की बूंदाबांदी भी हुई।

### अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस

मौसम विभाग ने शनिवार को भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। न्यूनतम तापमान भी 22 डिग्री सेल्सियस रहा है। आने वाले दिनों में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी की संभावना जताई गई है। इस हिसाब से तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पार हो सकता है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहै है।

## अब सोमवार से कोर्ट में शुरू होगी सुनवाई और निपटेंगे प्रकरण

# चुनाव के चलते प्रशासनिक कोर्ट में लंबित हैं 10 हजार से ज्यादा प्रकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव के चलते कलेक्टर से लेकर नायब तहसीलदारों के कोर्ट में प्रकरणों का पहाड़ बन गया है। चुनाव में अफसरों के व्यवस्तता के चलते दस हजार से अधिक प्रकरण लंबित है।

हरिभूमि सरोकार

चुनाव निपटने के बाद ऐसी उम्मीद है कि, प्रशासनिक अधिकारी अब तेजी से कोर्ट के प्रकरणों पर प्रकाश डालेगें, जिससे फरियादियों को राहत मिलेगी।

**खास बातें**

- चुनाव निपटने के बाद फिलहाल दफ्तरों में पसरा सन्नाटा
- नायब तहसीलदार से लेकर कलेक्टर तक जिले में 33 कोर्ट



### चुनाव से पहले करीब 6 हजार प्रकरण

विधानसभा चुनाव के दौरान राजस्व प्रकरणों में लंबित प्रकरणों की स्थिति पांच से छः हजार ही थी। लेकिन लोकसभा चुनाव के पहले यह आंकडा बढकर दस हजार को पार कर गया है। फरियादियों ने कोर्ट में प्रकरण तो लगाया है, लेकिन वे चुनाव शोर में गुम हो गए है। विगत सात मई को लोकसभा चुनाव के निपटने के बाद अफसर इन दिनों थकान मिटाते नजर आ रहे है। जिसके चलते सात मई के बाद लगातार दफ्तरों में सन्नाटा भी पसरा रहा। ऐसा माना जा रहा हैं कि, अब सोमवार को ही विभागों में रौनक दिखेगी और प्रकरणों की तेजी से सुनवाई होगी। जानकारी अनुसार सीमांकरण, डायवर्सन और नामांतरण के मामले कोर्ट में ज्यादा लंबित है। यही नही इसके आलावा रिकार्ड में त्रुटि सुधार, बंटवारा, डायवर्सन जैसे कार्यो की सुनवाई भी अटकी हुई है।

### सीमांकन व डायवर्सन के प्रकरण अधिक

जानकारी अनुसार सीमांकन के 1044 प्रकरण, बटांकन के 1125 प्रकरण, डायवर्सन के 1023 प्रकरण, बंदोबश्त व नवीनीकरण नजूल पट्टे का 447 प्रकरण, आदिवासी जमीन हस्तांतरण 115 प्रकरण, विवादित खाता 334 प्रकरण, बंदोबश्त अभिलेखों में सुधार के 266 प्रकरण, विवादित नामांतरण के 1029 प्रकरण, रिकार्ड में त्रुटि सुधार के 1200 प्रकरण सहित अन्य दस हजार तीन सौ प्रकरण लंबित है। जिले के करीब 33 कोर्ट में इन प्रकरणों की सुनवाई होनी है।

### जिले में लंबित प्रकरणों की स्थिति

जानकारी अनुसार न्यायलय कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी 406, अरविंद एक्का अपर कलेक्टर 41, न्यायालय अपर कलेक्टर (धमधा/पाटन) 23, एसडीएम दुर्ग 1384, एसडीएम धमधा 146, एसडीएम पाटन 259, एसडीएम भिलाई-3 310, न्यायालय नजूल अधिकारी दुर्ग 88, न्यायालय नजूल जांच अधिकारी 402, न्यायालय तहसीलदार दुर्ग 423, तहसीलदार धमधा 1010, तहसीलदार पाटन 514, तहसीलदार भिलाई-3 377, तहसीलदार बोरी 183, तहसीलदार अहिवारा 592, अतिरिक्त तहसीलदार पाटन 283, न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई, अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, न्यायालय नायब तहसीलदार धमधा न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (अण्डा) में कुल 10638 प्रकरण लंबित है।

### दस हजार से अधिक प्रकरण डंप

दुर्ग जिले में भी नायब तहसीलदार से लेकर कलेक्टर कोर्ट में एक लाख 70152 प्रकरण दर्ज किए गए थे। जिसमें से करीब एक लाख 59 हजार 514 प्रकरणों का ही निपटारा किया गया है। जबकि 10638 प्रकरण चुनावी आचार संहिता की भेंट चढ गई। बहरहाल मतदान समाप्त हो चुका है, वही आगामी चार जून को मतगतणना होने के बाद आचार संहिता समाप्त मानी जाती है। लेकिन अफसर मतगणना निपटने के बाद कोर्ट में आए प्रकरणों की सुनवाई कर सकते है।

### आचार संहिता के पहले भी सुनवाई नहीं

लोकस चुनाव के आचार संहिता के पहले ही व्यापक संख्या में प्रकरण लंबित रहे। पिछले जनवरी माह की बात करे तो राजस्व विभाग में आठ हजार प्रकरण लंबित थे। इस दौरान कलेक्टर कोर्ट से लेकर नायब तहसीलदार के कोर्ट में एक लाख पैतीस हजार 41 प्रकरण दर्ज किए गए है। जिसमें से करीब एक लाख 26 हजार 183 प्रकरणों का ही निपटारा किया गया है। जबकि आठ हजार 58 प्रकरण कोर्ट में लंबित थे। इसकी संख्या कम होने के बजाय दो माह में दो हजार से अधिक होकर 10300 हो चुकी है।

# कत्लखाना ले जाते सैकड़ों मवेशी बरामद



हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

मवेशियों को कत्लखाना ले जाते हुए सौ से अधिक गाय, बैल बछडा को छुडाया गया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस ने उमेश गिरी समेत चार लोगों के खिलाफ जुर्म

- सौ से अधिक गायब गैल और बछडा मिला, उतई थाना क्षेत्र की घटना
- ग्रामीणों की सूचना पर कार्रवाई

ददर्ज किया है। ग्राम धौराभाठा के ग्रामीण शुक्रवार की रात सूचना दिया कि बड़ी संख्या में लोग वाहन में मवेशियों को लेकर जा रहे है।उन्होंने संदेह व्यक्त किया कि मवेशी चोरी या फिर कत्ल खाना लेकर जा रहें है। उतई टीआई मनीष शर्मा को जानकारी लगने पर अपनी टीम को गांव में भेजा। उन लोगों से मवेशियों का खरीदी बिक्री का पुलिस ने दस्तावेज मांगा गया। फिर तो एक रशीद मवेशी तस्करों ने पेश किया लेकिन जब पंचायत के सचिव ने आकर देखा तो वह रसीद फर्जी निकला। टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि लखेश राम साहू, उसके 4 अन्य साथी अपने साथ 104 बैल के जोड़े लेकर बालोद जा रहे थे। रात अधिक हो जाने से वो लोग धौराभाठा के पास के पास रुक गए थे। मवेशियों को थाना कैंपस पर ले जाने के बाद चारे पानी की व्यवस्था की गई है। फिलहाल पुलिस गौसेवक और गौठान के लोगों से संपर्क कर रही है। ताकि इन मवेशियों को सुरक्षित भेजा जा सके। ग्रामीणों ने संदेह जताया है कि ये लोग मवेशियों की तस्करी करते हैं। उन्हें पैदल ले जाकर दूसरे राज्य ले जाएंगे। तस्करी के लिए भेज दिया जाएगा। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर कार्रवाई करेगी।

# बिजली की समस्या नहीं हो पा रही दूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई


बिजली की समस्या दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी में भी लोगों को बिजली बंद होने से परेशानी उठानी पड़ रही है। दुर्ग ग्रामीण के अतंर्गत चंद्रनगर, लोकनगर, न्यू नेहरूनगर, वेदांत नगर, कबीर नगर सहित दर्जनभर कालोनियों में

- दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के चंद्रनगर, लोकनगर सहित दर्जनभर कालोनी में दिक्कत

बिजली लगातार बंद की जा रही है। अधिकारियों द्वारा इस समस्या का स्थाई निदान नहीं किया जा रहा है।

### दिन-रात दोनों में दिक्कतें

कालोनीवासियों ने बताया कि उतई विद्युत वितरण केंद्र से इन कालोनियों में बिजली की सप्लाई होती है। पुरई वितरण क्षेत्र से यहां की लाइन को जोड़ा गया है। हाल यह है कि दिन और रात कभी भी बिजली



बंद हो जाती है। जिसकी वजह से लोग न दिन में ठीक से सो पा रहे हैं और न ही रात को। रात को अचानक कई बार बिजली चली जाती है।

### एक फेस बिजली नहीं

कालोनीवासियों ने बताया कि सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि तीन फेस में सभी की पावर सप्लाई नहीं रहती। एक फेस चली जाती है तो दूसरा व तीसरा फेस से ही काम चलाना पड़ता है। तीनों फेस में से कोई न कोई फेस बंद रहती है। इसकी वजह से रात को शिकायत करनी पड़ती है। रात में विभागीय कर्मी सुधार के लिए नहीं आते।

## सेक्टर-4 में पानी टंकी निर्माण....



**भिलाई।** सेक्टर-4 में बीएसपी द्वारा पानी टंकी का निर्माण शुरु करवा दिया गया है। 9 महीने के भीतर यह पानी टंकी मूर्त रूप लेगा। यहां पर बीएसपी की जर्जर पुरानी टंकी कुछ महीने पहले भरभरा कर गिर गई थी जिसकी वजह से इस एरिया में जल संकट से लोग अब भी जूझ रहे हैं।

# किशोरी से छेड़खानी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

किशोरी को चाकलेट बिस्कीट के बाहने छेड़खानी करने वाले अधेड को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 354 भादवि, 8 पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि पुरानी हस्ती सुपेला निवासी राजकुमार राजभर ने किशोरी को अपने बाइक पर बिठाकर मौर्या टाकिज के पीछे अंडरब्रिज के पास जंगल में ले जाकर छेड़खानी किया है। सीएसपी



सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में सुपेला पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपी राजकुमार को खोजबीन कर तुरंत गिरफ्तार किया। टीआई राजेश मिश्रा ने तुरंत कार्रवाई किया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

## बाधित हो रहे आवागमन को लेकर कार्रवाई

# सड़क पर डंप मलबे हो रहे है जब्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

ाँभिलाई निगम क्षेत्र में सड़क किनारे बेतरतीब रखे भवन से निकले निर्माण मलवा को निगम द्वारा जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। ताकि लोग दुर्घटना का शिकार न हो और शहर की गंदगी साफ हो।

निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर निगम क्षेत्र में जगह-जगह सड़क किनारे, गली मोहल्ले में डम्प किये गये मलवा को निगम द्वारा हटाने का कार्य किया जा रहा है। भवन मालिको द्वारा अपने निर्माणधीन भवन अथवा पुराने भवन को तोड़कर उससे निकलने



वाले मलवा को सड़क किनारे अथवा गली मोहल्ले में ढेर लगाकर छोड़ देते है जिससे रात में वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो जाते है। उक्त ढेर शहर की साफ-सफाई में भी बड़ा बाधक रहेता है। जिसकी शिकायत के आधार पर तथा निगम अधिकारियो के भ्रमण के दौरान संज्ञान में आने पर उक्त मलवे के ढेर को निगम द्वारा जे.सी.बी. एवं हाईवा लगाकर जप्ती की कार्यवाही की जा रही है। निगम प्रशासन ने शहर के नागरिको से अपील करते हुए कहा है की अपने धर से निकलने वाले मलवे को सड़क किनारे एवं गली मोहल्ले में डम्प न करे, ताकि लोग सुरक्षित आवागमन कर सके।

आवश्यक सूचना
हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना
के सम्माननीय विजेताओं से आग्रह है कि अपना उपहार हरिभूमि कार्यालय भिलाई में संपर्क कर प्राप्त कर लेवें।
उपहार प्राप्त करने अपने आधार कार्ड की फोटोकापी, मासिक बिल और पावती ( ग्राहक प्रति), साथ में लावें।
उपहार प्राप्त करनें का समय
सोमवार से शनिवार, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक
स्थान : हरिभूमि जिला कार्यालय
सतीश टॉवर, प्रथम तल, कमला मेडिकल के पास, सुपेला भिलाई
मो. 7987328736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशिः-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, रविवार 12 मई 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

74154-69100, Message at - 9755819129




03 बैकुंठधाम में भोजपुरी संस्कृति को बढ़ावा देने गौरव सम्मान

## लाइव इवेंट

## मानवता की मिसाल, राजेश ने 100 वीं बार किया रक्तदान




**दुर्ग।** कोई जनप्रतिनिधि ऐसा होगा, कल्पना करना मुश्किल है, पर सच है। दुर्ग नगर निगम के सभापति राजेश यादव ने रक्तदान का सैकड़ा पूरा किया। उन्होंने सौंवी बार रक्तदान किया। जिला चिकित्सालय दुर्ग में गंभीर सिकल सेल मरीज को ओ नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी।

- ओ निगेटिव ब्लड ग्रुप केस कम
- सेवा किसी भी दशा में की जा सकती है बशर्ते ईमानदार इच्छा हो

सभापति राजेश यादव ओ निगेटिव ब्लड रक्तदान किया गया। यह रेयर ब्लड ग्रुप है।

आज के समय रक्तदान जीवन दान माना जाता है। रक्तदान मानवता की बड़ी सेवा है। याद करे, बॉलीवुड के शाहरुख खान और रामगोपाल वर्मा जैसे लोगो ने कारगिल युद्ध के समय कैसा बयान दिया था। सैनिकों के लिए रक्तदान संबंधी सवाल पर इन्होंने कहा था कि वे अपने शरीर का खून किसी को भी नहीं दे सकते। किंतु दुर्ग नगर निगम के नेता राजेश यादव ने मानवता की सेवा में इन मुंबईया प्रॉक्सी स्टार्स को पीछे छोड़ दिया और बता दिया कि मानव सेवा किसी भी दशा में की जा सकती है, बशर्ते उसकी ईमानदार इच्छा हो।

बहरहाल, इस रक्तदान में ब्लड बैंक नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, रक्त कोष अधिकारी डॉ. नेहा नलवाया और रेडक्रास सोसायटी के प्रबंध कारनी सदस्य दिलीप ठाकुर ,जीवन दीप समिति के सदस्य प्रशांत डोनगांवकर, सतीशचंद्र सुराना, काउंसलर एंथोनी,नर्स श्रीमती सती,लैब टेक्नोलॉजीस्ट रोशन,लैब इंचार्ज रूपेश, टेक्नीशियन महेन्द्र ,तीरथ, कुसुम, मिनाक्षी,कौशल , हिमांशु आदि उपस्थित थे।

## हेल्थ इवेंट

## ईश्वर सेवा समिति ने बांटे मटके राहगीरों को पिलाई लस्सी




**भिलाई।** ईश्वर सेवा समिति की बहनों ने मनाया अक्षय तृतीया का पर्व। पर्व के उपलक्ष में बहनों ने राहगीरों को लस्सी , गन्ना रस आदि का वितरण किया। प्याऊ घर में मटके भी दान किए। मौके पर अध्यक्ष शांति साहू, सचिव अरुणा जैन एवं सदस्य किरण साहू, अभिलाषा मिश्रा, पूर्णिमा साहू, अर्चना चौधरी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे । सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम किया गया।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगा प्रवज्या संस्कार शिविर



**भिलाई।** डॉ.बाबासाहेब अम्बेडकर सांस्कृतिक भवन सेक्टर - 6 में छः दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दि बुद्धिष्ट प्रचारक विंग दुर्ग-भिलाई एवं बौद्ध समाज द्वारा किया गया है। जिसका प्रारंभ 8 मई से हुआ है,आज शिविर का चौथा दिवस संपन्न हुआ । प्रवज्या संस्कार के मुख्य प्रशिक्षक भिक्षु डॉ.वेनरेबल शिलरत्न बोधि तथा प्रशिक्षक भिक्षु बुद्धघोष बोधि है। मानव समाज में बच्चों के सार्वांगिक विकास और तथागत बुद्ध के धम्म को जीवन में उतारने के लिए बुद्धज्ञान, धम्मज्ञान और संघज्ञान की आवश्यकता है। शिविर आयोजित करने का उद्देश्य भावी पीढ़ी में बचपन से धम्मांकुर कर नैतिक शिक्षा देना है ताकि वे भविष्य में दृढ़ संकल्पित होकर एक अच्छे इंसान बनें और मानवतावादी धम्म को स्थापित कर सकें। 13 मई दिन सोमवार को प्रवज्या संस्कार एवं श्रामनेर, श्रामनेरी शिविर का समापन किया जाएगा।

## रविंद्रनाथ टैगोर की 163 वीं जयंती पर आज हुडको में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

भिलाई। रबिंद्र निकेतन कालीबाड़ी हुडको द्वारा कवि गुरु रवींद्र नाथ टैगोर की 163 वीं जन्म जयंती पर रविवार 12 मई को शाम 7.30बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कालीबाड़ी हुडको के संरक्षक श्यामोल रॉय और जनरल सेक्रेटरी रूपक दत्ता ने बताया कि इस दिन रवींद्र संगीत सहित डांस ड्रामा की प्रस्तुति दी जाएगी। बच्चों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली ड्रामा रोगेर चिकित्सा (बीमारी का इलाज ) विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।

### बीएसपी ने किया ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 का आयोजन शुरू

# रजिस्ट्रेशन होने के बाद 25 खेलों की बारीकियों से अवगत होंगे भिलाई के प्रतिभावान खिलाड़ी

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर शुरु किया गया है। शनिवार को रिजस्ट्रेशन का कार्य पूरा हुआ। बीएसपी लगभग सभी खेलों के लिए प्रति वर्ष समर कैंप का आयोजन करती रही है। 15 मई को प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। लगभग 25 खेलों के प्रतिभाओं को इस शिविर में तराशने का काम भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जाएगा। इस शिविर की प्रतीक्षा खिलाड़ियों को काफी दिनों से थी।

**भिलाई। हर साल की तरह इस साल भी भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा, स्कूली बच्चों हेतु ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर आयोजित की जा रही है। इसके लिए 11 मई से रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है तथा कुछ खेलों के प्रशिक्षण भी प्रारंभ हो चुके हैं। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक उद्घाटन 15 मई 2024 के उपरांत किया जाएगा, जिसकी विधिवत घोषणा की जायेगी। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 में शामिल 25 खेलों का प्रशिक्षण, विभिन्न खेल परिसरों, शालाओं के ह,ल एवं क्रीड़ागणों में प्रदान किया जायेंगे। 25 खेलों की सूची निम्न है–एथलेटिक्स, बैडमिन्टन, बॉल बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, बॉक्सिंग, षतरंज, क्रिकेट, फुटबॉल, हैण्डबॉल, हॉकी, कराटे, जूडो, पावर लिफ्टिंग, कबड्डी, टेनिस, टेबल टेनिस, वालीबॉल, योगा, सायकल पोलो, कराटे, फेंसिंग, जिम्नास्टिक, खो–खो, नेटबॉल, भारोत्तोलन तथा कुश्ती।**





### खिलाड़ियों का पंजीयन 15 मई तक.....

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर–2024 के लिये सभी संबंधित ग्राउंड्स/स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन 11 मई, 2024 से 15 मई 2024 तक प्रातः 6 बजे से 7.30 बजे तक किया जायेगा।अब तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 2024 के लिए, सेक्टर–1 क्रिकेट ग्राउंड में 65 लड़के और 10 लड़कियों का प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है। जिम्नास्टिक खेल परिसर सेक्टर 4 में 31 विद्यार्थियों को तथा भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 नेटबल ग्राउंड में 20 बालक और 10 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही पावरलिफ्टिंग के लिए पावर जिम सेक्टर–6, बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम में भी प्रशिक्षण प्रारंभ हो चुका है।

### 25 खेलों एवं शिविर हेतु विभिन्न खेल परिसरों की सूची तैयार की गई....

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर–2024 के 25 खेलों एवं शिविर हेतु विभिन्न खेल परिसरों की सूची निम्नलिखित है। एथलेटिक्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयंती स्टेडियम एवं आईटीआई–खुर्सीपार में, बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में, बॉल बैडमिन्टन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बॉल बैडमिन्टन ग्राउंड, सेक्टर–4 में, बास्केटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बास्केटबॉल कोर्ट, पंत स्टेडियम, सेक्टर–1 में तथा बॉक्सिंग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर–2 इस्पात क्लब, सेक्टर–8 इस्पात क्लब, इन्डोर स्टेडियम, सेक्टर–1 इस्पात क्लब।इसी प्रकार शतरंज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सीनियर सेकेण्डरी स्कूल सेक्टर–5 के हॉल में, क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर–1 इस्पात क्लब एवं बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड, इंदिरा प्लेस में, फुटबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन पंत स्टेडियम एवं हॉस्पिटल सेक्टर में, हैण्डबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन ईएमएमएस, सेक्टर–10 एवं हैंडबॉल ग्राउण्ड, सेक्टर –4 में, हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जयंती स्टेडियम में, जूडो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर–4 जूडो हॉल में, पावर लिफ्टिंग प्रशिक्षण शिविर सेक्टर–6 पावर जिम में, कबड्डी प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम एवं खुर्सीपार में, टेनिस प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम तथा बीएसपी टेनिस कॉम्पलेक्स, सिविक सेंटर में, टेबल टेनिस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन इन्डोर स्टेडियम, इंदिरा प्लेस, इस्पात क्लब खुर्सीपार में किया जाएगा। वालीबॉल प्रशिक्षण शिविर पंत स्टेडियम, इस्पात क्लब खुर्सीपार, हुडको एवं सेक्टर 5 में, योगा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसएसएस सेक्टर 10 में, सायकल पोलो प्रशिक्षण शिविर का आयोजन एसएसएस, सेक्टर–7 में, कराटे प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सेक्टर–5 इस्पात क्लब, इस्पात क्लब मरोदा, सेक्टर–1 इस्पात क्लब, फेंसिंग प्रशिक्षण शिविर एसएसएस, सेक्टर–7 में, जिमनास्टिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन खेल परिसर, सेक्टर 4 में, खो–खो प्रशिक्षण शिविर सेक्टर 4 खेल परिसर एवं खुर्सीपार में, तथा कुष्ती प्रशिक्षण शिविर का आयोजन बीएसपी अखाड़ा, सेक्टर–3 में किया जाएगा।

### करुणा व सेवा का भाव नर्सिंग पेशे को बनाता है महान




**भिलाई।** क्रीमिया के युद्ध के दौरान एक महिला अपनी सहयोगियों के साथ रात को मोमबत्ती की रौशनी में घायलों की सेवा करती नजर आई थी। बाद में उन्होंने नर्सों की एक टोली को सेवा के लिए तुर्की भी भेजा। युद्ध के बाद के वर्षों में उन्होंने नर्सिंग पर पुस्तक भी लिखी और उनके लिए एक प्रशिक्षण संस्थान भी खोला। इस महिला का नाम था फ्लोरेंस नाइटिंगेल। उन्होंने आधुनिक नर्सिंग का जन्मदाता कहा जाता है। उक्त बातें एमजे कालेज ऑफ नर्सिंग द्वारा आयोजित इंटरनेशनल नर्सेस डे के अवसर पर जिला अस्पताल दुर्ग की मैट्रन चित्रलेखा बोरकर ने कहीं। मुख्य अतिथि की आसंदी से नर्सिंग छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि करुणा और सेवा का भाव ही नर्सिंग के पेशे को महान बनाता है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को इस क्षेत्र में आने की बधाई दी। आरंभ में स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य प्रो. डैनियल तमिल सेलवन ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए शत-प्रतिशत प्रयासों की जरूरत होती है। इसलिए विद्यार्थी अपना पूरा फोकस विषयों को सीखने और अपने कौशल का विकास करने पर केन्द्रित करें। उप प्राचार्य डॉ सिजी थॉमस ने सभी विद्यार्थियों को नर्सिंग के क्षेत्र का चुनाव करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सेवा स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। सीमित संसाधन इस क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी बाधक हैं। नर्सिंग सेवा को लेकर हमें अपना दृष्टिकोण बदलना होगा तभी इसका पूर्ण विकास संभव हो सकता है।

## श्री जलाराम ट्रॉफी: जिला स्तरीय सीनियर पुरुष व महिला शतरंज चैंपियनशिप 25 से

**दुर्ग।** प्रदेश शतरंज संघ के निर्देशन में जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा श्री जलाराम ट्रॉफी जिला स्तरीय सीनियर पुरुष व महिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 25 मई से ओम परिसर स्थित डी ए वी मॉडल कॉलेज के हाल में किया गया है। जिला शतरंज संघ दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत एवम तुलसी सोनी ने बताया की आर्य शिक्षा समिति दुर्ग भिलाई के विशेष सहयोग से उक्त चैंपियनशिप का आयोजन 25 एवम 26 मई को दो दिन का होगा जिसमें दुर्ग जिले के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। भाग लेने वाले खिलाड़ियो को जिला शतरंज संघ दुर्ग से पंजीकृत होना अनिवार्य है। स्पर्धा के आधार पर जिले की टीम का चयन किया जाएगा । चयनित खिलाड़ी 7 से 10 जून तक पिथौरा में आयोजित राज्य स्तरीय सीनियर शतरंज चैंपियनशिप में दुर्ग



जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

उक्त चैंपियनशिप में सीनियर पुरुष व महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3100 रुपए नगद एवं श्री जलाराम विजेता ट्रॉफी द्वितीय 2100 रुपए नगद व ट्रॉफी तृतीय 1500 रुपए नगद व ट्रॉफी चतुर्थ पुरस्कार 1000 रुपए नगद एवम ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा आयु वर्ग में अंडर 7,9, 11 एवम अंडर 13 में प्रथम एवम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। तथा भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ियों को मेडल एवम प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा । स्पर्धा में प्रवेश सशुल्क है तथा प्रवेश की अंतिम तिथि 22 मई तक है। इसके बाद लेट फीस निर्धारित की गई है। स्पर्धा में प्रवेश हेतु खिलाड़ी फिडे आर्बिटर रॉकी देवांगन, सीनियर नेशनल आर्बिटर दिव्यांशु उपाध्याय,जिला शतरंज संघ दुर्ग के उपाध्यक्ष एस के भगत एवम अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत से संपर्क कर सकते है। उक्त चैंपियनशिप में प्रथम एवम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले पुरुष एवम महिला खिलाडियों को राज्य चैंपियनशिप में भाग लेने की फीस जिला शतरंज संघ दुर्ग द्वारा वहन किया जाएगा। आयोजन में तुलसी सोनी, दिनेश जैन ,दिनेश नलोडे, ललित वर्मा, मोरध्वज चंद्राकर, संजय खंडेलवाल, सहित अन्य लोग सक्रियता से अपनी सहभागिता निभा रहे है ।

### श्री परशुराम विप्र सेवा समिति द्वारा भगवान परशुराम के जन्म उत्सव मना

# भगवान परशुराम शास्त्र एवं शस्त्र विद्या के सामंजस्य की हैं प्रतिमूर्ति : विधायक ललित

कार्नर न्यूज



**परशुराम विप्र सेवा समिति द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर परशुराम चौक मैत्री नगर में भव्य समारोह परशुराम विप्र सेवा समिति द्वारा इस्पात नगरी भिलाई-दुर्ग में प्रथम भव्य एवं दिव्य नवनिर्मित भगवान परशुराम चौक मैत्री नगर में जयपुर राजस्थान से मार्बल की विशाल भगवान परशुराम की मूर्ति की स्थापना की गई थी। अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर आरती पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही साथ परशुराम चौक, मैत्री नगर में श्री केसरी समिति द्वारा विशाल भगवा (केसरिया) ध्वज फहराया गया।**

### इनकी रही भागीदारी

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में परशुराम विप्र सेवा समिति भिलाई दुर्ग की ओर से सुभाष तिवारी, अनिल मिश्रा, संतोष मिश्रा, उमेश पांडेय, सुनील मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा,अनुज मिश्रा, सत्यम पांडेय, अशोक कुमार मिश्रा, तीरथ राज शुक्ला, अजीत सिंह, शंकर लाल सोनी, अखिल मिश्रा, गुड्डू शर्मा, भानु जी राव, महेंद्र दुबे, हंसराज शुक्ला, देवेंद्र त्रिपाठी, बादल डे, राजेंद्र शर्मा, ऋतुराज शर्मा, दिलेश्वर राव, अशोक तिवारी, सतीश दुबे, मनमोहन दुबे सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। मैत्री नगर वार्ड क्रमांक २७ की पार्षद श्रीमती सुनंदा चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर रिसाली नगर निगम के पाषर्दगण मनीष यादव (बंटी), धर्मेंद्र भगत, श्री केसरी समिति के सोनू राम सिंह, पुरेन्द्र साहू, अनुपम साहू, परमेश्वर, विवेक बंछोर, शैलेंद्र शेण्डे, राजू जंघेल, विक्की सोनी, दशरथ साहू, ममता शर्मा, स्वाति, अनुपमा गोश्वामी, संध्या वर्मा, अनिता शर्मा मौजूद रहे।



### मातृशक्ति भी रहीं मौजूद

कार्यक्रम का संचालन परशुराम के विप्र सेवा समिति कार्यक्रम के संयोजक अनिल मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में सनातनी बंधु, विप्र समाज के विपवर साथ ही साथ मातृशक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

### जयंती पर प्रदेश में मदिरा दुकान बंद रखने की मांग

भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विशिष्ट पूर्व अध्यक्ष सरयूपारीय ब्राह्मण समाज भिलाई-दुर्ग गिरजा शंकर पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज राधे गोविंद बाजपेई (पार्षद, वार्ड क्रमांक २७ मैत्री नगर , श्रीमती सुनंदा चंद्राकर उपस्थित हुए। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद उपस्थित सनातनियों के साथ भगवान परशुराम की सामूहिक आरती की गई । अपने संक्षिप्त उद्बोधन में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा की भगवान परशुराम शास्त्र एवं शस्त्र विधा के सामंजस्य की प्रतिमूर्ति है। परशुराम विप्र सेवा समिति भिलाई-दुर्ग की ओर से विधायक की उपस्थिति में अक्षय तृतीया, परशुराम के जन्मोत्सव के दिन जिले ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में मांस मदिरा की दुकानें पूर्णतः बंद रखने की मांग छत्तीसगढ़ शासन से की गई ।

## सिटी इवेंट

# पिसेगांव में भारती विवि ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय तथा भारती चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, दुर्ग द्वारा शनिवार को गोदग्राम पीसेगांव पंचायत भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वेक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. लवलीन कश्यप तथा डॉ. पूजा साहा द्वारा ग्रामवासियों की विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निराकरण अपनी मेडिकल टीम द्वारा किया गया। जूनियर डॉक्टर्स की टीम ने गांव में घर-घर जाकर स्वास्थ्य सर्वेक्षण किया तथा सहायता युक्त मरीजों को शिविर स्थल तक लाकर उनका निःशुल्क उपचार कराया एवं निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। विदित हो कि भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा विगत कई महीनों से गोदग्रामों में लगातार निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वेक्षण शिविर का आयोजन सेवाभाव से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत पीसेगांव सरपंच गुलाब बांधे के संरक्षण में उक्त शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ तथा सरपंच ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं सर्वेक्षण शिविर की सराहना की। गोदग्रामों से आए हुए मरीजों का जिन्हें चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज करने की आवश्यकता है या लंबे समय तक इलाज की आवश्यकता है उन्हें भारती चिकित्सा महाविद्यालय तथा चिकित्सालय द्वारा न्यूनतम दरों पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करने के पहल विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा की गई है। इससे अधिकाधिक मात्रा में आर्थिक रूप से अक्षम ग्रामीणों का समुचित इलाज संभव हो पाएगा। उपरोक्त शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के संयुक्त संचालक जय चंद्राकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## सिटी लाइव

# बैकुंठधाम में भोजपुरी संस्कृति को बढ़ावा देने गौरव सम्मान



**भिलाई।** छग भोजपुरी परिषद की महत्वपूर्ण बैठक सुपेला भिलाई में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई।जिसमे 18 मई को बेकुठधाम कैम्प 2 वार्ड 32 भिलाई मे रात्रि 8 बजे से भब्य भोजपुर गौरव सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।जिसके अतिथि कार्यक्रम स्वरूप को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।कार्यक्रम में उप्र बिहार के मशहूर दो दलीय चैता का आयोजन तय हो गया है । दो दलीय चेता मे जंगी मुक़ाबला के तहत आरा के ब्यास सुरेंश तिवारी व बलिया के ब्यास सुरेन्द्र सिह के बीच रात भर ऐतिहासिक मुकाबला होगा। साथ ही भोजपुर गौरव सम्मान हेतु नाम का चयन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में आयोजन की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई। समाज के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। छग भोजपुरी परिषद के प्रदेश अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, सचिव बी पी सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष शर्मा,मिडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा,निशिकांत शर्मा, वीरेन्द्र यादव, , रतनकुमार पोद्दार, सन्तोष कुमार शाह, , मृत्युजय भगत,, सहित अन्य भोजपुरी परिषद के पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित थे। बैठक का संचालन बी पी सिह ने किया।

- दो दलीय चेता में आरा व बलिया का मुकाबला

## सिटी इवेंट

# शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता शुरू



**भिलाई।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशायी महाविद्यालय दुर्ग के तत्वावधान में 10 मई को ग्रीष्मकालीन खेल कूद प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण 10 से 25 मई तक किया जाना है। ग्रीष्मकालीन खेल कूद प्रशिक्षण शिविर में दस खेल विधा का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाना है। फुटबॉल , वहालीवाल, बास्केट बाल, कबड्डी, कुश्ती, जूडो, शतरंज, पावर लिफटिंग, वेट लिफटिंग, जिम ट्रेनिंग का निःशुल्क प्रशिक्षण विजय भारत बिष्ट, जावेद, विनय जनबंधु, परवेज़ ठाकुर, दुर्गा जंघेल, क्षत्रपाल ,गोविंद, मिथलेश, पप्पू निषाद जिम प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया जाना है। ग्रीष्मकालीन खेल कूद प्रशिक्षण का प्रारंभ महविद्यालय के क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. अभिनेष सुराना ने खिलाड़ी छात्र छात्राओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त भूतपूर्व क्रीड़ा अधिकारी अमरीका सिंग, डॉ. राकेश तिवारी, डॉ. नरेश धर दीवान, डॉ. दिनेश नामदेव, क्षेत्रपाल चंद्राकर, विजय भारत विष्ट,जावेद, विनय जनबंधु ,मिथिलेश न्रमता पटेल, पप्पू निषाद जिम प्रशिक्षक ओर महविघालय के क्रीड़ा अधिकारी लक्षमेद्रं कुलदीप उपस्थिति थे।

● मौसम विभाग ने आने वाले दिनों से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तामपान बढ़ने की संभावना व्यक्त की

# गर्मी में बीमारियों का खतरा भी ज्यादा सेहत की देखभाल करना है बेहद जरूरी

**भिलाई।** इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो गया है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों से 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तामपान बढ़ने की संभावना व्यक्त की है। ऐसे हालात में बीमारियों का खतरा भी ज्यादा बढ़ जाता है। इसलिए लोगों को इससे बचने की जरूरत है। खासकर ऐसे लोग जो रोजाना धूप में रहकर काम करते हैं। रोजी-मजदूरी करते है। या दफ्तर जाने के लिए चिलचिलाती धूप में लंबा सफर करते हैं। महिलाएं हो या फिर पुरूष और बच्चों को भी भीषण गर्मी में बीमारियों का खतरा बना रहता है।



### स्वास्थ्य की चिंता करना जरूरी

डॉक्टरों के मुताबिक जैसे-जैसे पारा बढ़ता है, वैसे-वैसे स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ भी बढ़ती हैं। विशेष रूप से भारत में तापमान अत्यधिक ऊंचाई तक पहुंचने के साथ, यह समझना महत्वपूर्ण है कि गर्मी हमारी भलाई को कैसे प्रभावित कर सकती है। भले ही देश का एक बड़ा हिस्सा पूरे वर्ष उच्च तापमान का सामना करता है, गर्मियों के दौरान कुल मिलाकर गर्मी की तीव्रता बड़े पैमाने पर बढ़ जाती है। लोगों को सामान्य स्वास्थ्य और कल्याण पर हीट स्ट्रोक और अन्य संबंधित कारकों के प्रभाव को समझना चाहिए। गर्मी से संबंधित बीमारियों जैसे हीट थकावट और हीटस्ट्रोक के जोखिमों को उजागर करना, बच्चों और बड़े वयस्कों सहित सबसे कमजोर विशिष्ट समूहों की पड़ताल करना और इस गर्मी के मौसम में सुरक्षित रहने के लिए व्यावहारिक सुझाव प्रदान करना है। जागरूक रहें और चिलचिलाती गर्मी की धूप से अपने स्वास्थ्य की रक्षा करें। गर्मी में व्यक्ति के शरीर की फिजियोलॉजी डॉक्टरों के मुताबिक व्यक्ति का शरीर एक उत्कृष्ट मशीन है, जो अपने आंतरिक तापमान को नियंत्रित करने के लिए पूरी तरह से अनुकूलित है। हालाँकि, यह आंतरिक थर्मोस्टेट भीषण गर्मी के दौरान संतुलन बनाए रखने के लिए संघर्ष कर सकता है। उच्च तापमान के लंबे समय तक संपर्क में रहने से निर्जलीकरण, गर्मी से थकावट या हीटस्ट्रोक हो सकता है, क्योंकि शरीर खुद को प्रभावी ढंग से ठंडा करने में विफल रहता है। नतीजतन, पाचन तंत्र सुस्त और कमजोर हो जाता है जिसके परिणामस्वरूप पाचन संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं।

### गर्मी के दौरान इन संकेत और लक्षण को जानिए गर्मी से थकावट

गर्मी से थकावट तब होती है जब शरीर अत्यधिक गर्म हो जाता है। सामान्य लक्षणों में भारी पसीना, तेज़ नाड़ी, थकान, चक्कर आना, मतली और सिरदर्द शामिल हैं। यदि इलाज न किया जाए, तो यह हीटस्ट्रोक का कारण बन सकता है, जो अधिक गंभीर स्थिति है। इसलिए, ऐसे लक्षणों के लिए हमेशा चिकित्सक से परामर्श लेने की सलाह दी जाती है।हीटस्ट्रोकः संकेत, लक्षण और जोखिमहीटस्ट्रोक एक गंभीर गर्मी से संबंधित बीमारी है जिसके लिए तत्काल चिकित्सा ध्यान देने की आवश्यकता होती है। लक्षणों में उच्च शरीर का तापमान (104F से ऊपर), परिवर्तित मानसिक स्थिति, मतली और दौरे शामिल हो सकते हैं। यह महत्वपूर्ण अंगों को नुकसान पहुंचा सकता है और अगर तुरंत इलाज न किया जाए तो यह घातक हो सकता है। पारंपरिक तरीकों को आजमाने के अलावा, यदि कोई व्यक्ति लू से पीड़ित हो तो डॉक्टर से परामर्श करना हमेशा आवश्यक होता है।गर्मी से संबंधित अन्य बीमारियाँअन्य स्थितियों में गर्मी की ऐंठन, मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन, और गर्मी के दाने, अत्यधिक पसीने के कारण होने वाली त्वचा की जलन शामिल हैं। कम गंभीर होते हुए भी इन्हें नज़रअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।कमजोर वर्गबच्चे और गर्मी के खतरेबच्चे, विशेषकर शिशु, गर्मी से संबंधित बीमारियों के प्रति अत्यधिक संवेदनशील होते हैं। उनके शरीर उनके आकार के सापेक्ष अधिक गर्मी उत्पन्न करते हैं, और वे वयस्कों की तुलना में अपने शरीर के तापमान को नियंत्रित करने में कम सक्षम होते हैं। माता-पिता और अभिभावकों के लिए बच्चों को बाहर खेलने से रोकना काफी मुश्किल हो सकता है। हालाँकि, बच्चों को गर्मी से संबंधित बीमारियों से बचाने के लिए उन्हें पर्याप्त सावधानी बरतनी चाहिए।वृद्ध वयस्क और गर्मी के खतरेवृद्ध वयस्कों को भी अधिक जोखिम का सामना करना पड़ता है। गर्मी के प्रति पर्याप्त रूप से प्रतिक्रिया करने की शरीर की क्षमता उम्र के साथ कम हो सकती है। पुरानी बीमारियाँ और कुछ दवाएँ भी शरीर के ताप नियमन को ख़राब कर सकती हैं।अन्य कमज़ोर समूहपुरानी बीमारियों वाले व्यक्ति, गर्भवती महिलाएं, और बाहर काम करने वाले, जैसे निर्माण श्रमिक और किसान, भी गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति संवेदनशील होते हैं।

### घातक हीट स्ट्रोक भी हो सकता है

निर्जलीकरण और पसीने का कम उत्पादन जैसे कारक वृद्ध वयस्कों में गर्मी से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं में योगदान कर सकते हैं। उच्च तापमान के लंबे समय तक संपर्क में रहने से गर्मी से थकावट हो सकती है या घातक हीट स्ट्रोक भी हो सकता है। उचित जलयोजन की कमी या शीतलन तंत्र तक पहुंच केवल इन खतरों को बढ़ाती है। इसलिए, यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वृद्ध वयस्क गर्मी के महीनों के दौरान अच्छी तरह हवादार, आरामदायक वातावरण में रहें और पर्याप्त रूप से हाइड्रेटेड रहें।ग्रीष्म ऋतु में सुरक्षित रहना कब, क्यों और कितना पीना चाहिएपसीने के माध्यम से निकलने वाले तरल पदार्थ की पूर्ति के लिए खूब पानी पीना महत्वपूर्ण है। सामान्य से अधिक पानी पीने का लक्ष्य रखें, और प्यास लगने तक प्रतीक्षा न करें।छाया की तलाश करना और तेज़ धूप के घंटों से बचनासीधे सूर्य के संपर्क में आने से बचें, विशेषकर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे के बीच जब सूरज सबसे अधिक तीव्र होता है। जब बाहर हों, तो पेड़ों, छतरियों या छतरियों के नीचे छाया की तलाश करें। संकट के लक्षणों को पहचानना और क्या करना हैगर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों पर ध्यान दें, जैसे भारी पसीना आना, कमजोरी, चक्कर आना, मतली और तेज़ दिल की धड़कन। यदि ऐसा होता है, तो किसी ठंडे स्थान पर चले जाएं, पानी पीएं और यदि लक्षण बिगड़ जाएं या एक घंटे से अधिक समय तक रहें तो चिकित्सकीय सहायता लें। अतिरिक्त सुझावहल्के, ढीले और हल्के रंग के कपड़े पहनें। अपने आप को धूप से बचाने के लिए टोपी या छाते का उपयोग करें।

## क्रिश्चिन कॉलेज में कार्यक्रम

# सीसीईटी को मिला नैक 'ए' ग्रेड



**भिलाई।** क्रिश्चियन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीसीईटी), कैलाश नगर, भिलाई, छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) द्वारा प्रतिष्ठित नैक 'ए' ग्रेड से सम्मानित होकर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह गौरव सीसीईटी को पहले मूल्यांकन चक्र में ही प्रभावशाली ग्रेड 'ए' हासिल करके ऐसी मान्यता प्राप्त करने वाले राज्य के उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थान के रूप में पहचान दिलाता है। इस प्रतिष्ठित ग्रेड की आधिकारिक घोषणा नैक पीयर टीम द्वारा आयोजित एक व्यापक मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद की जाती है। टीम ने सीसीईटी के शैक्षणिक और परिचालन ढांचे के विभिन्न पहलुओं का सावधानीपूर्वक मूल्यांकन किया। इस मूल्यांकन में पाठ्यक्रम की गुणवत्ता, शैक्षणिक पद्धति, अनुसंधान प्रयास, छात्र कल्याण पहल, बुनियादी ढांचे की पर्याप्तता, शासन कार्यपध्दती और संस्थागत लोकाचार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया है। 4 और 5 मार्च को अपनी यात्रा के दौरान, पीयर टीम ने सीसीईटी के बुनियादी ढांचे, अनुसंधान सुविधाओं, आवास सुविधाओं और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का परिश्रमपूर्वक निरीक्षण किया। सभी स्तरों पर हितधारकों के साथ उनकी बातचीत ने संस्था के लोकाचार और समुदाय पर इसके प्रभाव के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के जवाब में, रेव. फादर. डॉ. पीएस वर्गीस, सीसीईटी के कार्यकारी उपाध्यक्ष, प्रिंसिपल डॉ. दीपाली सोरेन, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अर्चना चौधरी, नैक समन्वयक डॉ. पी श्रीनिवास राव और नैक कोर कमेटी के अन्य सभी सदस्यों ने नैक ₹एए₹ ग्रेड मान्यता संस्थान की असाधारण सुविधाओं और शैक्षणिक पेशकशों के कारण राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के व्यापक स्पेक्ट्रम को आकर्षित करने की आशा व्यक्त की। पांच वर्षों के लिए नैक ए ग्रेड मान्यता के साथ, सीसीईटी शिक्षा, अनुसंधान और समग्र छात्र विकास में उत्कृष्टता की अपनी यात्रा जारी रखने के लिए तैयार है।

## अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस

# हमारी नर्सें, हमारा भविष्य देखभाल की आर्थिक शक्ति

**भिलाई।** दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है, जिनकी आज हम 204वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती 12 मई को अंतरराष्ट्रिय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाईटिंगेल का जन्म 204 वर्ष पहले 12 मई, 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। 12 मई सभी नर्सों के लिए एक महत्वपूर्ण तारीख है. क्योंकि यह फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म की सालगिरह है, जिन्हें व्यापक रूप से आधुनिक नर्सिंग का संस्थापक माना जाता है। जनवरी 1974 में, इस दिन को आधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस घोषित किया गया। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रिय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते है। नर्सिंग, देखभाल की कला और विज्ञान को एकीकृत करती है। नर्सिंग को कला और विज्ञान दोनों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। इसके मूल में मानवीय गरिमा के प्रति बुनियादी सम्मान और मरीज की जरूरतों के प्रति अंतर्ज्ञान निहित है। नर्सिंग पेशे में विशेषज्ञताओं और जटिल कौशलों की विशाल श्रृंखला के कारण, प्रत्येक नर्स में विशिष्ट ताकतें, जुनून और विशेषज्ञता होगी। नर्सिंग स्वास्थ्य और मानव कार्यप्रणाली की सुरक्षा, संवर्धन और अनुकूलन पर ध्यान केंद्रित करती है। नर्सिंग व्यक्तियों, परिवारों, समूहों, समुदायों और आबादी की देखभाल में मानवीय प्रतिक्रियाओं और वकालत का निदान और उपचार है। 21वीं सदी की नर्सिंग वह सेतू है जो मरीज की स्वास्थ्य देखभाल यात्रा को एक साथ जोड़े रखती है। करूणा और समर्पण की समय-सम्मानित प्रतिष्ठा से परे यह एक अत्यधिक विशिष्ट पेशा है, जो समाज की जरूरतो को पूरा करने के लिए लगातार विकसित हो रहा है। सबसे सटीक निदान सुनिश्चित करने से लेकर गंभीर स्वास्थ्य मुद्दों के बौरे में जन जागरूकता तक. सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा में नर्से उपरिहार्य हैं।अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस (आईएनडी) प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है और उसका थीम आईसीएन द्वारा चुना जाता है जो विश्व भर में 130 से अधिक राष्ट्रीय नर्सिंग, अंतर्राष्ट्रीय नर्स परिषद (आईसीएन) की अध्यक्ष डॉ. पामेला सिप्रियानो ने घोषणा की। इस अवसर पर गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ नर्सिंग दुर्ग के प्राचार्य रेमा राजेश, आदेश्वर नर्सिंग इंस्टीट्यट जगदलपुर के प्राचार्या डॉ. जीबी जॉर्ज, प्रो. डॉ. डेजी अब्राहम, बेथनी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डॉ. बेनी सुशांत चाको, श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुडको भिलाई के प्रिंसिपल डॉ. वीना राजपूत आदि ने नर्सिंग डे की बधाई दी है।

> स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना जरूरी

## बेहतर जिंदगी के लिए ट्रैफिक नियमों का पालन करें

**कार्नर न्यूज**

### 21 दिनों तक अपनी आदत में वाहन चालक डाले

# एसपी शुक्ला ने किया ट्रैफिक पुलिस के फालो गुड हेबिटस पोस्टर विमोचन

**भिलाई।** आम नागरिकों की सुविधा के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा बनाए गए। फालो गुड हेबिटस का पोस्टर एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने विमोचन किया है। इस दौरान एसपी ने लोगों से अपील की है कि यदि कोई दो पहिया वाहन चालक हेलमेट, चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट 21 दिन प्रयोग करते है। तो उनके आदत में सुमार हो जाता है। फिर वह वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाता है तो उसे वाहन चलाने में असुविधानजक,अपने आप को असुरक्षित महसूस करता है।




### 22 दिन होने वाले फायदे स्वयं महसूस करेंगे

अच्छा आदतो 21 दिन अपने में सुमार करते है तो सड़क दुर्घटना से बचा जा सकता है। 22 दिन होने वाले फायदे स्वयं महसूस करेंगे। दो पहिया वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन चालन के दौरान सडक दुर्घटना होने पर सिर को हेलमेट किस प्रकार बचाता है और हेलमेट न होने से गंभीर चोट से मौत भी हो जाती है।

### हेलमेट का प्रयोग करे

भविष्य में दो पहिया वाहन चलाते समय सदैव हेलमेट का प्रयोग करे। दूसरों के साथ साथ अपने परिवार की जान बचा सकते हैं। इसके साथ ही 21 दिन हेलमेट,सील्ट बेल्ट लगाकर चलने वाले वाहन चालक ट्रैफिक के हेल्प लाईन नंबर 9479192029 पर अपना फोटो वीडियों बनाकर भेजने से दुर्ग पुलिस द्वारा लक्की ड्रा निकालकर सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एसपी अभिषेक झा, सुखनंदन राठौर, देवब्रत सिरमौर, ट्रैफिक डीएसप सतीश ठाकुर, सदानंद विंध्यराज, चंद्रप्रकाश तिवारी आदि मौजूद थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### क्रिकेट में एक पारी 12 रन से भिलाई की जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट-2024 का आयोजन 8 मई से जारी है। जिसमें दो ग्रुप में विभाजित छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीम हिस्सा ले रही हैं। शनिवार को चौथे दिन ग्रुप बी का पहला चार दिवसीय मैच भिलाई तथा कांकेर के मध्य कांकेर ग्राउंड में खेला गया। जिसमें कांकेर ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। भिलाई ने अपनी पहली पारी में 124 ओवरों में 9 विकेट के नुकसान पर 448 रन बनाये। जिसमें गर्व कुमार सिंह ने 147 रन तथा शिवेन्द्र तिवारी ने 114 रनों का योगदान दिया। कांकेर की ओर से ए के नरेती ने 4 विकेट तथा नीतिन सिंह ने 3 विकेट लिए। कांकेर ने अपनी पहली पारी में 89.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 244 रन बनाये। कांकेर की ओर से गजेन्द्र कुमार नाग ने 63 रन, अखिलेश कोर्राम ने 54 रन तथा जयंत यादव ने 52 रन बनाये। भिलाई की ओर से कुमार इशान ने 5 विकेट तथा इलेश कुशवाहा ने 3 विकेट लिये। फालोआन खेलने उतरी कांकेर ने अपनी दूसरी पारी में 53 ओवरों में 10 विकेट खोकर 192 रन ही बना पाई। कांकेर की ओर से अखिलेश कोर्राम ने 55 रन बनाये। भिलाई की ओर से कुमार इशान ने 3 विकेट तथा इलेश कुशवाहा ने 3 विकेट लिये। भिलाई ने मैच एक पारी तथा 12 रन से जीत लिया।

### अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस में कई उलटफेर



**रायपुर।** स्व. श्री विद्याचरण शुक्ल स्मृतिर रायपुर जिला अंतर संस्थान युगल लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता - अंतिम चरण में कई उलटफेर देखने को मिले। प्रतियोगिता में गिरिराज एवं अरविंद कुमार शर्मा, सयान एवं शिरीष देव, शरद शुक्ला एवं मिराज तथा निखिल बानी एवं जतिन सोनी, शैलेश डागा एवं निशांत कानूगा, जे एम राठोड़ एवं राकेश यादव की जोड़ी ने प्रथम तीन स्थान पर सुपर लीग में प्रवेश किया। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा रायपुर जिला के समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय, सार्वजनिक संस्थान, प्रतिष्ठित संस्थान, निजी संस्थान के कर्मचारियों (सेवानिवृत्त कर्मचारी भी शामिल) एवं प्रोफेशनल्स (सी.ए., डाक्टर, वकील, पत्रकार, प्रशिक्षक आदि) के लिये 8 से 12 मई तक सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर यह प्रतियोगिता जारी है। जिसमें अभी तक प्रथम चरण के ग्रुप ए में 12 युगल एवं ग्रुप बी में 13 युगल के मध्य लीग मैच खेले गए जिसमें से दोनों ग्रुप के प्रथम छह में स्थान प्राप्त युगल ने सुपर लीग में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के मैच प्रतिदिन सुबह खेले जा रहे हैं। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 12 मई को सुबह 10 बजे आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष किशोर जादवानी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के पूर्व कोषाध्यक्ष हरजीत होरा करेंगे।

### 10 गोल्ड मैडल जीत कर सब जूनियर महाराष्ट्र की टीम विजेता



**रायपुर।** मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) इंडिया चैम्पियनशिप में चौथे दिन सब जूनियर का यूथ सेमी कॉन्टेक्ट का फाइनल हुआ। जिसमे ओवर ऑल इंडिया चैम्पियनशिप में टीम के अनुसार 10 गोल्ड मैडल जीत कर महाराष्ट्र के बच्चो ने पहला स्थान प्राप्त किया।वहीं दूसरे स्थान पर छत्तीसगढ़ के बच्चो ने 8 गोल्ड मैडल जीता और तीसरे स्थान पर 7 गोल्ड मैडल जीत कर जम्मू कश्मीर की टीम रही है। इन सभी विजेता खिलाड़ियों को मंच पर एमएमए इंडिया के अधिकारियों ने मैडल सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया। एमएमए सेमीफाइनल फाइनल मैच में सीनियर टीम से 50 खिलाड़ी पहुंचे। जिनमे 16 महिला खिलाड़ी और 34 पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं। इन सभी सीनियर खिलाड़ियों का मैच 12 मई को खेला जाएगा। एमएमए इंडिया के सभी बोर्ड के सदस्य,ऑफिशियल, एथलीट कमीशन ,तकनीकी टीम और मेडिकल टीम सहित सभी सदस्यों का मंच पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह नेशनल इंटरनेशनल-चैम्पियनशिप में मैडल जीत कर देश नाम रौशन करने वाले महिला पुरूष खिलाड़ियों को भी मंच में मैडल सर्टिफिकेट एवं किट देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

सेहत के नाम पर समझौता बिल्कुल नहीं, सलाह लें विशेषज्ञ की

# फिश ऑयल से विटामिन डी सप्लीमेंट तक इनका अधिक सेवन हो सकता है खतरनाक

बैलेंस डाइट या खाने से विटामिन, मिनरल की कमी पूरी नहीं हो पाती तो सप्लीमेंट का सेवन किया जाता है। फिटनेस इंडस्ट्री में कई तरह के हेल्थ सप्लीमेंट आ रहे हैं। इनका प्रयोग दिन-पर-दिन बढ़ रहा है। जब सप्लीमेंट की बात आती है, तो उनके बेनिफिट / स्वास्थ्य लाभ पर इतना प्रचार होता है कि कोई उनके साइड इफेक्ट की बात ही नहीं करता। उदाहरण के तौर पर बात करें तो आपने हमेशा व्हे प्रोटीन के फायदों के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने अधिक व्हे प्रोटीन लेने के साइड इफेक्ट के बारे में सुना है?

शायद नहीं, या फिर 1-2 बार। लेकिन उस पर भी विश्वास नहीं किया होगा। लेकिन यह सही है कि किसी भी चीज का अधिक सेवन करने से उसके नुकसान भी होते हैं। उसी तरह वेटलॉस सप्लीमेंट हो या पुरुषों के लिए हर्बल सप्लीमेंट हो, हर हेल्थ सप्लीमेंट का जरूरत से ज्यादा सेवन किया जाता है तो इसके साइड इफेक्ट भी होते हैं।

यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) किसी भी सप्लीमेंट की सेफ्टी और इफेक्टिवनेस के लिए उसकी सर्विंग के लिए जिम्मेदार नहीं होती है। इसके लिए मेकिंग कंपनी ही जिम्मेदार होती है कि उसका सप्लीमेंट पूरी तरह सही हो।

ठीक से उपयोग किए जाने पर कुछ सप्लीमेंट फायदा पहुंचा सकते हैं। लेकिन कुछ सप्लीमेंट की गलत मात्रा शरीर को नुकसान पहुंचा सकती है।



### विटामिन डी

ह्यूमन बॉडी में 13 एसेंशियल विटामिन होते हैं, जिनमें विटामिन डी भी एक है। अक्सर जो लोग डेस्क जॉब करते हैं उनमें विटामिन-डी की कमी रहती है क्योंकि वे धूप में कम निकल पाते हैं। आपको यह जानकारी तो होगी ही कि विटामिन डी का मुख्य सोर्स सूर्य की रोशनी यानी धूप है। विटामिन डी सप्लीमेंट दो रूपों में उपलब्ध होता है, विटामिन डी 2 (एर्गोकैल्सिफेरोल या प्री-विटामिन डी) और विटामिन डी 3 (कॉलेकैल्सिफेरॉल)। विटामिन डी2 पौधों एवं कवक में पाया जाता है। वहीं विटामिन डी3 मनुष्यों और जानवरों में उत्पन्न होता है। हमारी बॉडी को भी विटामिन डी3 की जरूरत होती है।
भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक जो लोग हल्की धूप में रहते हैं, उन्हें 400 आईयू प्रतिदिनविटामिन डी की आवश्यकता होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक 600 से 800 आईयू के बीच विटामिन डी की मात्रा लेनी चाहिए। अगर आप बिल्कुल धूप में नहीं निकलते हैं तो यह मात्रा 1,000 **IU** तक पहुंच सकती है। हावर्ड यूनिवर्सिटी के मुताबिक 19 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों के लिए रोजाना रिकमेंडेड मात्रा पुरुषों और महिलाओं के लिए प्रतिदिन 600 आईयू है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए रोजाना 800 आईयू विटामिन डी लेना बताया गया है। क्लीवलैंड क्लिनिक के मुताबिक, विटामिन डी की अधिक खुराक लेना भी सही नहीं है। स्वस्थ लोगों में 100 नैनोग्राम प्रति मिलीलीटर (एनजी / एमएल) से अधिक विटामिन डी ब्लड लेवल अधिक कैल्शियम अब्जॉर्ब करने लगता है, जिससे मांसपेशियों में दर्द, मूड डिसऑर्डर, पेट दर्द, हड्डी कमजोर और किडनी स्टोन जैसी समस्याएं भी होने लगती हैं। साथ ही यह दिल का दौरा और स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ा सकती है।
विटामिन डी की मात्रा बनाए रखने के लिए दैनिक आहार में सैल्मन मछली, टूना मछली, दूध, मशरूम और फोर्टिफाइड अनाज शामिल करें। 10-15 मिनट कम धूप में भी रह सकते हैं।

### फिश ऑयल सप्लीमेंट

ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर, मछली के तेल / फिश ऑयल को हार्ट डिजीज कम करने के लिए जाना जाता है। हालांकि, द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन में 3 जनवरी, 2019 को पब्लिश हुई स्टडी के मुताबिक ओमेगा-3 फैटी एसिड की खुराक ने मध्यम आयु वर्ग, वृद्ध पुरुषों और महिलाओं में दिल के दौरे, स्ट्रोक या हार्ट डिजीज से होने वाली मौतों को कम करने में बिल्कुल योगदान नहीं दिया था।
ओमेगा-3 की अधिक सर्विंग लेने से हाई ब्लड प्रेशर, नाक से ब्लीडिंग, उल्टी, स्ट्रोक, इम्सोमेनिया, विटामिन ए टॉक्सिसिटी आदि समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए सप्लीमेंट की अपेक्षा मछली, फ्लेक्सीड, प्लांट ऑयल, अखरोट, दूध, दही, सोया प्रोडक्ट आदि का सेवन करें। डब्ल्यूएचओ संयुक्त ईपीए और डीएचए के 200-500 **mg** फिश ऑयल के दैनिक सेवन को रिकमेंड करता है और कोई भी फिश ऑयल सप्लीमेंट की एक खुराक आपको 300 एमजी ईपीए और डीएचए देती है।

### मल्टीविटामिन सप्लीमेंट

हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए न केवल अच्छा भोजन करना, व्यायाम करना और पर्याप्त नींद लेना जरूरी है, बल्कि डेली मल्टीविटामिन-मल्टीमिनरल लेना भी जरूरी है। बदलती लाइफस्टाइल के बीच दैनिक खान-पान से शरीर में विटामिन्स की कमी पूरी नहीं हो पाती। इसलिए मार्केट में कई तरह के सप्लीमेंट मौजूद हैं, जिनमें मल्टी विटामिन टैबलेट या सप्लीमेंट काफी फेमस हैं। जो लोग पर्याप्त मात्रा में हरी सब्जियां, होल ग्रीन, फल आदि का सेवन करते हैं उनमें विटामिन और मिनरल की कमी नहीं होती।



## बढ़ती उम्र में पेट की चर्बी कम करने अपनाएं योग

बढ़ती उम्र में हार्मोनल बदलाव के कारण महिलाओं के शरीर में कई तरह के बदलाव आते हैं। चेहरे पर झुर्रियां आने लगती हैं, वजन बढ़ने लगता है और मसल्स और हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। हालांकि, हमेशा जवां बने रहने का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। लेकिन, हां अपने शरीर को शेप में रखने की कोशिश कर सकते हैं। इससे आप खुद का ख्याल रखते हुए जवां महसूस कर सकते हैं।

महिलाएं सबसे ज्यादा परेशान की पेट की बढ़ती चर्बी से रहती हैं। एब्स को टोन करना सिर्फ इस बात पर निर्भर नहीं करता कि आप कैसे दिखते हैं? पेट की मसल्स आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए जरूरी होती हैं। बढ़ती उम्र में मजबूत कोर आपको तनाव या चोट से बचने में मदद करती है। यहां कुछ एब्स वर्कआउट दिए गए हैं, जिन्हें बढ़ती उम्र की महिलाओं को अपने फिटनेस रूटीन में जरूर शामिल करना चाहिए। इसकी जानकारी हमें सेलिब्रिटी फिटनेस एक्सपर्ट यास्मीन कराचीवाल के इंस्टाग्राम अकाउंट से मिली है।

### सिंगल लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। हाथों को सिर के पीछे रखें। सिर, गर्दन और कंधों को जमीन से ऊपर उठाएं। इससे पेट की मसल्स पर प्रेशर महसूस होगा। घुटनों को चेस्ट के पास लाएं। दाएं पैर को सीधा फैलाएं। दोनों हाथों को बाईं पिंडली पर रखें। ऐसा करते समय अंदर वाले हाथ को घुटने और बाहर वाले हाथ को टखने के पास रखें। दूसरे पैर से एक्सरसाइज को दोहराएं। बेहतर रिजल्ट के लिए कम से कम 6-8 रैप्स में करें।



### डबल लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। गर्दन और कंधों को ऊपर उठाएं। हाथों से अपने सिर को सहारा दें। दोनों पैरों को जमीन से ऊपर उठाएं। घुटनों को चेस्ट की ओर लेकर जाएं। पैरों को ऊपर उठाते हुए दोनों हाथों को सिर के साथ पीछे की ओर सीधा स्ट्रेच करें। हाथों और पैरों को स्ट्रेच करते समय गहरी सांस लें। सांस छोड़ते हुए हाथों को सिर के ऊपर वापस लाएं। इसे भी 6-8 रैप्स में करें।

### सिंगल स्ट्रेट लेग स्ट्रेच

पीठ के बल लेट जाएं। घुटनों को मोड़कर पैरों को जमीन पर रखें। सिर, गर्दन और कंधों को चटाई से थोड़ा ऊपर उठाएं। फिर बाएं पैर को ऊपर की ओर सीधा उठाएं। पैर और जमीन के बीच 90 डिग्री की दूरी बनाएं। बाएं पैर उठाते हुए दाएं हाथ को बाएं टखने की ओर ले जाएं। दूसरे हाथ को साइड में रखें। पैर बदलते रहें। इस एक्सरसाइज को 6-8 बार दोहराएं

### डबल स्ट्रेट लेग स्ट्रेच

जमीन पर पीठ के बल लेट जाएं। सिर, गर्दन और कंधों को ऊपर की ओर उठाएं। सहारा देने के लिए हाथों को सिर के पीछे रखें। जमीन से 90 डिग्री का कोण बनाए रखते हुए पैरों को सीधा और एक साथ रखें। सांस लेते हुए पैरों को ऊपर की ओर उठाएं। पैरों को सीधा रखें। अब, सांस छोड़ते हुए पैरों को जमीन की ओर नीचे करें।



## किचन में बैठकर भोजन करने का ज्योतिषीय दृष्टिकोण जरूर जानें



ज्योतिषशास्त्र में न जाने कितने ऐसे नियम बनाए गए हैं जो हमारे दैनिक जीवन से जुड़े हुए होते हैं। ऐसे ही नियमों में से हैं खाने से जुड़ी कई बातें। खाना हमेशा साफ़ तन और मन से खाना चाहिए, भोजन से पहले मंत्रोच्चारण जरूर करना चाहिए, भोजन से पूर्व हमेशा हाथों और पैरों को धोना चाहिए।

ऐसे कई नियम हैं जो हम नियमित भोजन करते समय ध्यान में रखते हैं जिससे इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ सके। एक और सबसे ज्यादा चर्चित सवाल यह उठता है कि क्या किचन में बैठकर खाना खाना ठीक है? जी हां, आज भी कई ऐसे घर हैं जहां लोग किचन में बैठकर भोजन करते हैं या फिर खाने और खाना बनाने का स्थान एक ही जगह पर होता है।

लेकिन अगर हम ज्योतिष की बात करें तो क्या वास्तव में किचन में भोजन करना ठीक है या इसके कोई नुकसान भी हो सकते हैं। इस पर जानकारी दे रहे हैं ज्योतिष अनिल जैन ।

### किचन में बैठकर खाना राहु को प्रसन्न करने का तरीका

पहले के समय में लोग किचन में बैठकर ही खाना खाते थे। आज भी यदि हम ग्रामीण परिवेश में जाते हैं तो रसोई घर में ही खाना खाने का प्रचलन है। दरअसल ज्योतिष में इसका बहुत अधिक महत्व है और इसका संबंध राहु ग्रह से माना जाता है।

ऐसा माना जाता है कि राहु यदि अप्रसन्न है तो इसका सीधा असर हमारे जीवन और स्वास्थ्य में पड़ता है। इस ग्रह को शांत करने और खुश करने के लिए रसोई में बैठकर भोजन करने की सलाह


## शिव जी को नारियल क्यों नहीं चढ़ाया जाता?

लोग भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा करते हैं। शिवलिंग पर पूजा करते समय लोग कई चीजों को अर्पित करते हैं। बेलपत्र, भांग, धतूरा, आदि भोलेनाथ को अति प्रिय हैं। भगवान शिव की पूजा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। लोग बेलपत्र, धतूरा, तिल,भांग आदि शिवलिंग पर चढ़ाते हैं, लेकिन ऐसी भी चीजें होती हैं, जिन्हें शिवलिंग पर चढ़ाने से भगवान नाराज भी हो सकते हैं। चलिए जानते हैं कि भगवान शिव पर नारियल क्यों नहीं चढ़ाना चाहिए।

**शिवलिंग पर क्यों न चढ़ाएं नारियल:** पौराणिक कथाओं के अनुसार, शिवलिंग पर आप नारियल अर्पित कर सकते हैं, लेकिन कभी भी शिवलिंग पर नारियल के जल का अभिषेक नहीं करना चाहिए। दरअसल नारियल को देवी लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है, जिनका संबंध भगवान वि ष्णुक से है और इसलिलए शिषव जी को यह नहीं चढ़ाया जाता है।

माता लक्ष्मी भगवान विष्णु की अर्धांगिनी हैं और नारियल को श्रीफल भी कहा जाता है और इसे माता लक्ष्मी का स्वरूप माना जाता है इसलिए इसका प्रयोग भगवान शिव की पूजा में नहीं होता है।इन चीजों को शिव जी की पूजा में न करें शामिल

भगवान शिव ने शंखचूड़ नाम के एक असुर का वध किया था। वह



भगवान वितष्णु का भक्त था। इस कारण से शंख को उसी असुर का प्रतीक माना जाता है और इसलिए विष्णु भगवान की तो पूजा शंख का उपयोग होता है लेकिन भगवान शिव की पूजा में शंख का उपयोग नहीं होता है। भगवान शिव की पूजा करते समय कुमकुम का उपयोग भी नहीं करना चाहिए। यह सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है, लेकिन भगवान शिवजी का एक रूप वैरागी भी होता है। इसलि ए शिाव जी को कुमकुम नहीं चढ़ाना चाहिए। इसके अलावा तुलसी को भगवान शिव पर चढ़ाना बिलकुल मना है क्योंकि भगवान शिव की पूजा में तुलसी का इस्तेमाल करने से पूजा पूर्ण नहीं मानी जाती है। तुलसी को माता लक्ष्मी का स्वरूप भी माना जाता है इसलिए इसका उपयोग भगवान शिव की पूजा में नहीं करना चाहिए।

कार्नर न्यूज

आमतौर पर इंट्रोवर्ट होना नकारात्मक माना जाता है लेकिन परिणाम हैं अलग

# आपके इंट्रोवर्ट होने के कई लाभ, याददाश्त और समस्याओं को सुलझाने में होते हैं अधिक सक्षम

स्वाभाविक रूप से हर किसी का व्यक्तित्व और उसके व्यवहार का तरीका एक दूसरे से भिन्न हो सकता है। कुछ लोग, दूसरों से मिलने-जुलने, बातचीत करने और आपसी संबंध बनाने में काफी सहज होते हैं, जबकि कुछ लोगों के लिए यह काम काफी कठिन हो सकता है। अगर आपको लगता है कि इंट्रोवर्ट व्यक्तित्व वाले लोगों के लिए जीवन कठिन होता है तो अध्ययन में इसके उलट परिणाम देखे गए हैं। शोधकर्ताओं की टीम ने बताया कि इंट्रोवर्ट व्यक्तित्व कई प्रकार के गुणों वाला हो सकता है, इसके अपने प्रकार के कई लाभ हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि इंट्रोवर्ट व्यक्तित्व वाले लोग चीजों को अच्छी तरह से याद रखने और समस्याओं को आसानी से सुलझाने वाले होते हैं। इस तरह के व्यक्तित्व के कई व्यवहारिक लाभ हो सकते हैं। यहां आपके लिए



### इंट्रोवर्ट और एकस्ट्रोवर्ट

जब आप इंट्रोवर्ट शब्द सुनते हैं, तो आप किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोच सकते हैं जो शर्मीला या शांत है और अकेला रहना पसंद करता है। हालांकि उनका व्यक्तित्व इससे अलग बहुत कुछ हो सकता है। इसके बारे में मनोवैज्ञानिकों की भी अलग-अलग थ्योरी है।

साल 1920 में कार्ल जंग नाम के एक मनोवैज्ञानिक ने इंट्रोवर्ट और एक्सट्रोवर्ट शब्दों का उपयोग करना शुरू किया। जंग ने बताया कि अमेरिका में करीब एक तिहाई लोग इंट्रोवर्ट हो सकते हैं। हालांकि अध्ययनों में यह स्पष्ट नहीं है कि किन कारणों से आप इंट्रोवर्ट या एकस्ट्रोवर्ट होते हैं।


### डोपामाइन के साथ होने वाली प्रतिक्रिया

इंट्रोवर्ट लोगों के दिमाग की स्थिति को लेकर शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया जिसमें पाया गया कि इंट्रोवर्ट लोगों में ब्रेन कैमिकल और मैंसेंजर भी अलग तरह से व्यवहार करता है। इंट्रोवर्ट लोगों का दिमाग, एक्स्ट्रोवर्ट लोगों की दिमाग की तुलना में डोपामाइन पर अलग तरह से प्रतिक्रिया करता है। डोपामाइन रसायन आपके मस्तिष्क के पुरस्कृत होने और आनंद चाहने वाले हिस्से को सक्रिय कर देता है।

वैसे तो इंट्रोवर्ट और एक्सट्रोवर्ट दोनों प्रकार के लोगों में इस रसायन की मात्रा समान होती है, लेकिन इंट्रोवर्ट लोगों को इससे अधिक लाभ मिलने की संभावना के बारे में पता चलता है।

अध्ययन में क्या पता चला?

शोध में वैज्ञानिकों की टीम ने पाया कि इंट्रोवर्ट लोगों के फ्रंटल लोब में रक्त का प्रवाह अधिक होता है। फ्रंटल लोब , मस्तिष्क का वह हिस्सा होता है जो आपको चीजों को याद



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' फैंस के लिए खुशखबरी, काम करेंगे पीटर

'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के प्रशंसकों के लिए कुछ अच्छी खबर है। वार्नर ब्रदर्स लॉर्ड ऑफ द रिंग्स फिल्मों के एक नए बैच पर काम कर रहे हैं।



पहली फिल्म, जिसका अस्थायी नाम 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है। वे इस फिल्म को साल 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। गॉलम के प्रशंसक उनके इर्द-गिर्द घूमती फिल्म मिलने की खबर से रोमांचित हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अब स्क्रिप्ट निर्माण के शुरुआती चरण में है। एंडी सर्किस निर्देशक पीटर जैक्सन के साथ इस फीचर में अभिनय और निर्देशन करने के लिए तैयार हैं। वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सीईओ डेविड जैस्लाव ने गुरुवार को कहा कि मूल 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' के फिल्म निर्माता पीटर जैक्सन और उनके साथी फ्रैन वॉल्श और फिलिपा बॉयन्स फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और वे हर कदम पर उनके साथ शामिल होंगे। फ्रैन और फिलिपा पटकथा लिखेंगे, वहीं पीटर परियोजना का निर्माण करेंगे। अभी इस फ्रेंचाइजी में दो फिल्में बनने की उम्मीद है।

गुरुवार की सुबह वार्नर ब्रदर्स की एक प्रेस विज्ञप्ति में स्टूडियो ने खुलासा किया कि फिल्म का कार्यकारी शीर्षक 'लॉर्ड ऑफ द रिंग्सः द हंट फॉर गॉलम' है और इसका निर्देशन सर्किस द्वारा किया जाएगा और इसमें उनकी मुख्य भूमिका होगी। फिल्म का कार्यकारी निर्माण केन कमिंस द्वारा किया जाएगा, जिसमें सर्किस और द इमेजिनेरियम के जोनाथन कैवेंडिश शामिल होंगे। वहीं बात करें मूल फिल्म की तो 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' जेआरआर टॉल्किन की पुस्तक सीरीज पर आधारित एक फिल्म फ्रेंचाइजी है। पीटर के मूल देश न्यूजीलैंड में एक साथ तीन फिल्मों की शूटिंग हुई। 'द फेलोशिप ऑफ द रिंग' 2001 में रिलीज हुई, 'द टू टावर्सट 2002 में और ट' रिटर्न ऑफ द किंग' 2003 में रिलीज हुई। ये फिल्में 1999-2000 के बीच शूट की गई थीं।

### टॉलीवुड

## पृथ्वीराज की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' आ रही 16 मई को

सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' 16 मई को रिलीज होने के लिए तैयार है। शुक्रवार को इसका ट्रेलर रिलीज किया गया



था, जिसे फैंस काफी ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसका निर्देशन विपिन दास ने किया हैं, जो इससे पहले फिल्म 'जया जया जया जया हे' को डायरेक्ट कर चुके हैं। फिल्म का निर्माण ई4 एंटरटेनमेंट द्वारा किया गया है। 'गुरुवायूर अंबाला नदायिल' की कहानी दीपू प्रदीप ने लिखी है। पृथ्वीराज सुकुमारन के अलावा बेसिल जोसेफ, निखिला विमल, अनस्वरा राजन और जगदीश भी अभिनय करते नजर आएंगे। फिल्म की कहानी शादी पर केंद्रित है। यह एक पारिवारिक ड्रामा फिल्म है। पृथ्वीराज को उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म भी अच्छा प्रदर्शन करेगी और लोग इसे पसंद करेंगे।

कुछ दिन पहले मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था, पृथ्वीराज सुकुमारन और ममूटी जल्द ही एक फिल्म में नजर आएंगे। यह एक थ्रिलर फिल्म हो सकती है। इस खबर से दोनों के फैंस काफी ज्यादा उत्साहित नजर आए थे। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया था कि इस फिल्म को कोई नया निर्देशक बनाएगा।

### भोजपुरी

## आ रही है स्मृति सिन्हा की भोजपुरी फिल्म 'चटोरी बहू'

स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में भोजपुरी फिल्म में धमाल मचाने आ रही हैं। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की




शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म में जय यादव भी हैं । एक्ट्रेस ने कहा- फिलहाल फिल्म की शूटिंग के दौरान बेहद मजा आ रहा है। भोजपुरी सिने वर्ल्ड की बेहतरीन अदाकाराओं में से एक स्मृति सिन्हा जल्द ही 'चटोरी बहू' के किरदार में बड़े पर्दे पर नज़र आने वाली हैं। आधी आबादी और सामाजिक परिदृश्य की कहानी पर बनने वाली फिल्म में उनके साथ सुपर स्टार जय यादव भी प्रमुख भूमिका में हैं और इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों जोर-शोर से चल रही है। फिल्म की शूटिंग जौनपुर के बदलापुर शहर में हो रही है। इस फिल्म के संदीप सिंह और नीलाभ तिवारी हैं और निर्देशक इश्तियाक़ शेख़ (बंटी) हैं। फिल्म में किरण यादव भी एक महत्वपूर्ण किरदार में होंगी।फिल्म को लेकर जय यादव ने कहा कि 'चटोरी बहू' शानदार स्क्रिप्ट पर बनने वाली फिल्म है। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और हम सभी इसको बेहद इंजॉय कर रहे हैं। मुझे इस फिल्म की कहानी ने पहली दफे में आकर्षित कर लिया था, जिसके बाद मैंने इसको करने का फैसला लिया था और आज यह फ्लोर पर है। इसकी बेहद ख़ुशी है। बस मैं अपने फैंस और दर्शकों से यही उम्मीद करूंगा कि वे हमारी फिल्म को रिलीज होने के बाद खूब प्यार और आशीर्वाद दें।

इस फिल्म को लेकर स्मृति सिन्हा ने कहा कि घर - परिवार में अक्सर चटोरी बहू के किस्से सुनने को मिलते हैं।

## महासागरों के जीवों की चिंता

पेरिस में प्रख्यात डिजाइनर अलेक्जेंडर मैकक्वीन ने स्प्रिंग/समर शो के दौरान महासागरों के नीचे पानी की दुनिया पर ग्लोबल वार्मिंग के पड़ते असर पर दुनिया का ध्यान खींचा है। मैकक्वीन की मॉडल्स ₹सिंथेटिक ओशन₹ नाम के इस संग्रह में ₹कारपेस₹ नियोप्रीन पोशाकें पहनी हुई थी, जो पानी के नीचे के जीवों को बचाने का संदेश दे रही थीं।






लाइफ स्टाइल

# चेहरे की खूबसूरती बढ़ाने के लिए इन टिप्स से करें आइब्रो को घना

चेहरे की खूबसूरती को बढ़ाती है आईब्रो। ऐसे में जरूरी है कि इन्हें घना करने के लिए हमें भी कुछ तरीकों को ट्राई करना चाहिए। हर एक महिला की आईब्रो की डेंसिटी अलग-अलग होती है। वहीं कुछ महिलाओं की आईब्रो कुछ ज्यादा ही घनी होती हैं, तो किसी की पतली। भले ही आपकी स्किन टोन कुछ भी हो लेकिन चेहरे का निखार तब बाहर आता है जब आईब्रो की शेप सही होती है। इसलिए महिलाएं अपनी आईब्रो को लेकर काफी सचेत रहती हैं। पार्लर में भी आइब्रो बनवाते हुए कई बार चीजों को बताती हैं। वहीं कुछ ऐसी होती हैं जो उन्हें घना करने के लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करती हैं। अगर आप चाहे तो इसके लिए घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आईब्रो घनी भी दिखाई देंगी साथ ही रंग भी गहरा हो जाएगी। इन घरेलू नुस्खों में किसी तरह का कोई भी केमिकल का इस्तेमाल नहीं किया जाता। इसलिए आपको कोई भी साइड इफेक्ट नहीं होगा। आप चाहे तो एक्सपर्ट की सलाह लेकर



भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए इस्तेमाल करें एलोवेरा

हेल्थ, स्किन और बालों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल घर में किया जाता है। इसके इस्तेमाल की सलाह हमारी नानी और दादी भी देती हैं। एलोवेरा जेल में एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें एलोवेरा इस्तेमाल

इसके इस्तेमाल के लिए सबसे पहले एक कटोरी में एलोवेरा जेल लें। फिर इसे अपनी आईब्रो (आईब्रो के लिए तेल का इस्तेमाल) में लगाकर अच्छे से मसाज करें। इसे दिन में बार अपनी आइब्रो पर लगाएं और अच्छे से मसाज करें। इसके इस्तेमाल से आइब्रो की ग्रोथ जल्दी ही बढ़ने लगेगी। आप चाहे तो एलोवेरा के साथ ऑलिव ऑयल का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

### घनी आईब्रो के लिए करें प्याज के रस का इस्तेमाल

जैसे ही घने और मजबूत बालों के लिए हम प्याज के रस का इस्तेमाल करते हैं वैसे ही हम आईब्रो (आईलैशेज के लिए अपनाएं ये घरेलू नुस्खे) के लिए भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

# सिल्क साड़ी के साथ इन ब्लाउज को करें स्टाइल, लगेंगी खूबसूरत



फैशन

स्टाइलिश दिखना हर लड़की को पसंद होता है। इसके लिए हम अपने वार्डरोब को हमेशा अपडेट करते रहते हैं। एथनिक वियर की बात करें तो लड़कियों को सबसे ज्यादा साड़ी पहनना पसंद होता है। ये लुक एवरग्रीन होता है। लेकिन साड़ी में भी आपका लुक तभी परफेक्ट नजर आता है जब उसके साथ ब्लाउज डिजाइन अच्छा होता है। इसलिए अगर आप सिल्क साड़ी पहनने के बारे में सोच रही हैं तो इसके साथ आपको अपने ब्लाउज डिजाइन पर भी खास ध्यान देना चाहिए। तभी आप इसमें खूबसूरत नजर आएंगी। हालांकि आपको मार्केट में कई सारे रेडिमेड ब्लाउज मिल जाएंगे। लेकिन अगर आप इन डिजाइन को खुद बनवाकर स्टाइल करेंगी तो लुक परफेक्ट दिखाई देगा।



### पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन

आजकल पुराना ट्रेंड वापस आ रहा है ऐसे में आप भी इस ट्रेंड को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए सबसे बेस्ट है पफ स्लीव्स ब्लाउज। अगर आपकी बाजू हैवी है और आपको पसंद नहीं है कि वो ज्यादा हाईलाइट हो तो उन्हें छुपाने के लिए आप पफ स्लीव्स ब्लाउज डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आपको नेक सिंपल डिजाइन का क्रिएट कराना होगा। इसके साथ स्लीव्स पर प्लेट्स बनाकर उसमें पफ क्रिएट कराना होगा। आप चाहे तो साड़ी से मेचिंग गोटा ब्लाउज की स्लीव्स में लगवा सकती हैं। लुक को और खूबसूरत बनाने के लिए आप इसके साथ बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप को मैट रख सकती हैं।

### कट स्लीव्स ब्लाउज

अगर आप सिंपल ब्लाउज डिजाइन सिल्क साड़ी के साथ ट्राई करना चाहती हैं तो इसके लिए परफेक्ट डिजाइन है कट स्लीव्स ब्लाउज को ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप चाहे तो आगे और पीछे के डिजाइन को डीप बनवा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के लिए आप मार्केट से प्रिंटेड या फिर प्लेन कपड़ा खरीदकर इन्हें डिजाइन करा सकती हैं। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप कानों में ईयर कफ या फिर झुमकियों को स्टाइल कर सकती हैं और बालों को ओपन रख सकती हैं।

# छोटे चेहरे पर खूब जचेंगे इयररिंग्स के ये खूबसूरत डिजाइंस, अपनाएं

स्टाइलिश दिखने के लिए हम अपने लुक में तरह-तरह के बदलाव करते हैं। वहीं आउटफिट को चुनने के बाद बारी आती है स्टाइलिंग करने की। बता दें कि स्टाइलिंग करने के लिए ज्वेलरी चुनना बेहद अहम होता है और इसके लिए आपको अपने आउटफिट के साथ-साथ फेस शेप का भी मालूम होना जरूरी होता है। चेहरे के आकार के हिसाब से इयररिंग्स चुनने से आपके फेस स्ट्रक्चर पर डिजाइन खूबसूरत नजर आता है, लेकिन इस तरह की जानकारी हम सभी को नहीं होती है। खासकर छोटे आकार के चेहरे वालों को अपने लिए परफेक्ट इयररिंग्स चुनने में काफी परेशानी होती है। इसलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं इयररिंग्स के कुछ ऐसे डिजाइंस जो खासकर छोटे आकार के चेहरे पर खूबसूरत नजर आयेंगे। साथ ही बताएंगे इन इयररिंग्स को स्टाइल करने के आसान टिप्स ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए।

### हूप इयररिंग डिजाइन

हूप में आपको कई डिजाइन और साइज देखने को नजर आ जाएंगे, लेकिन अगर



आपका चेहरा छोटा है तो आप चौड़े और छोटे साइज के हूप इयररिंग्स को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको प्लान हूप से लेकर स्टोन और कलरफुल में भी कई डिजाइन देखने को मिल जाएंगे।

### झुमकी इयररिंग डिजाइन

आजकल आपको मार्केट में हर साइज और वजन की झुमकी मिल जाएंगी। वहीं अगर आपका चेहरा छोटा है तो आप डॉम डिजाइन

# दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी, होगी तारीफ

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।

### पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में



मिल जाएंगे।

### पर्ल इयररिंग्स

मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं। ये दिखने में काफी क्लासी लगते हैं।

कार्नर न्यूज

## घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है

# फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं, घर सजाने के लिए ऐसे करें इस्तेमाल

*घर में मौजूद पुराने कपड़ों को लोग अक्सर फेंक देते हैं, जो गलत है। आप घर की सजावट जैसे कामों के लिए पुराने कपड़े इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल कोई भी कपड़ा खरीदना हो उसकी कीमत बहुत ज्यादा होती है। यही कारण है कि फटे और पुराने कपड़ों को फेंकते वक्त लोगों को बहुत दुख होता है। पुराने कपड़ों का फेंकना गलत भी है, क्योंकि आप उन्हें घर के अलग-अलग कामों के लिए यूज कर सकते हैं। आइए जानते हैं कि कैसे आप पुराने कपड़ों से घर को खूबसूरत लुक दे सकते हैं।*



### पुराने कपड़ों से बनाएं शोपीस

घर पर मौजूद पुराने कपड़ों से आप शोपीस तैयार कर सकते हैं। शोपीस बनाने के लिए आपको चाहिए एक खाली बोतल। बोतल को ऊपर से काट दें, ताकी उसका मुंह बड़ा हो जाए। अब बोतल को किसी कपड़े से कवर करें और अलग-अलग रंग के कपड़ों को काटकर फूल जैसे डिजाइन बनाकर बोतल पर लगाएं। आप बोतल पर घर में मौजूद एक्स्ट्रा बटन और स्टोन भी लगा सकते हैं। इस डेकोरेटेड बोतल को आप फ्लावर पॉट या पेन स्टैंड की तरह यूज कर सकते हैं।

### खराब कपड़ों से बनाएं कुशन कवर

खराब कपड़ों से आप कुशन कवर भी बना सकते हैं। जैसे शर्ट और लांग सकर्ट को बराबर काट कर और चारों तरफ से सिलकर आप कुशन का कवर तैयार कर सकते हैं। वहीं, अगर आपके पास कुशन कवर है, तो आप शर्ट के बटन आदी लगाकर कुशन के कवर को सजा सकते हैं।

### पुराने कपड़ों से बनाएं वॉशिंग मशीन का कवर

घर में रखी वॉशिंग मशीन अच्छी नहीं लगती है। ऐसे में आप पुराने कपड़ों से वॉशिंग मशीन कवर बना सकते हैं। वाशिंग मशीन का कवर चूहों की समस्या से भी वॉशिंग मशीन को सुरक्षित रखता है।



### पुराने कपड़ों से दरवाजों को सजाएं

इन सभी टिप्स के अलावा आप घर के दरवाजों के हैंडल को खास लुक देने के लिए भी पुराने कपड़ों को यूज कर सकते हैं। हैंडल का कवर बनाने से दरवाजा साफ भी रहेगा और थोड़ा अलग भी दिखेगा।